डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-72 | सांध्य दैनिक | मथुरा, शनिवार, 9 मई 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# नंदगांव में बनेगा आधुनिक हाईटेक पशु चिकित्सा केंद्र

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज क्षेत्र के पशुपालकों और डेयरी आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सरकार ने नंदगांव में निर्माणाधीन आधुनिक पशु चिकित्सीय पॉलीक्लीनिक के लिए 2.35 करोड़ रुपये की चौथी और अंतिम वित्तीय किश्त मंजूर कर दी है। शासन स्तर से जारी वित्तीय स्वीकृति के बाद परियोजना निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद बढ़ गई है।

नंदगांव, तहसील छाता, जनपद मथुरा में स्थापित होने वाली पशु चिकित्सीय पॉलीक्लीनिक के लिए 235.37 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिससे आधुनिक पशु चिकित्सीय पॉलीक्लीनिक का शीघ्र निर्माण पूर्ण होने की उम्मीद है यह परियोजना केवल एक भवन निर्माण तक सीमित नहीं मानी जा रही, बल्कि ब्रज क्षेत्र की पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की रणनीतिक पहल के रूप में देखी जा रही है। नंदगांव और छाता क्षेत्र में बड़ी संख्या में डेयरी और पशुपालक परिवार सक्रिय हैं, जिन्हें अब स्थानीय स्तर पर उन्नत पशु चिकित्सा, उपचार, जांच और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने की संभावना है। इससे पशुओं में बीमारी, मृत्यु दर और उपचार में देरी जैसी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

लोक निर्माण विभाग के निर्धारित मानकों के अनुसार ही कराया जाने तथा समय–समय पर स्थलीय निरीक्षण और अनुश्रवण सुनिश्चित किए जाने के शासन ने निर्देश दिए हैं। उपकरणों की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से होगी और धनराशि का उपयोग किसी अन्य योजना या मद में नहीं किया जा सकेगा।

प्रशासनिक संकेतों के स्तर पर देखें तो सरकार अब पशुपालन को केवल सहायक गतिविधि नहीं बल्कि ग्रामीण रोजगार, डेयरी उत्पादन और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी प्रमुख विकास धुरी के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ती दिखाई दे रही है।



## पॉलीक्लीनिक का करीब 70 से 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र नारायण शुक्ला ने बताया कि यह निर्माण कार्य पिछले करीब तीन साल से चल रहा है। पॉलीक्लीनिक का करीब 70 से 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है अंतिम किश्त से निर्माण कार्य में तेजी आएगी और शीघ्र कार्य पूरा हो सकेगा।

## नंदगांव पॉलीक्लीनिक को 2.35 करोड़ रुपये की चौथी किस्त मंजूर

# बाजार में लाल–नीली बत्ती का रौब

## सरकारी बत्ती के दुरुपयोग पर बाजार में उठे सवाल

## अधिकारी की गाड़ी लेकर पत्रकारों के पूछने पर दिखाए तेवर




सरकारी वाहन का दुरुपयोग आयकर अधिकारी आगरा की गाड़ी में रिश्तेदारों को शॉपिंग करा रहा था ड्राइवर

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन जहाँ एक ओर सरकारी वाहनों के दुरुपयोग और अनधिकृत बत्तियों पर लगाम लगाने की कोशिश कर रहा है, वहीं कस्बा छाता में एक हैरान कर देने वाला मामला शनिवार दोपहर में सामने आया है। यहाँ 'महंगे शौक' को पूरा करने के लिए आयकर विभाग के अधिकारी का रिश्तेदार बताकर एक व्यक्ति लाल और नीली बत्ती लगी गाड़ी में शान से शॉपिंग करने छाता के किसी गांव से छाता पहुँचा।

घटना कस्बे के मुख्य बाजार चौधरी बीज भंडार के पास की है। जहां पर लाल और नीली बत्ती लगी एक निजी लग्जरी गाड़ी को आगरा के ही रहने वाले चालक विशाल ने मुख्य बाजार  में खड़ा कर दिया। लापरवाही का आलम यह था कि ड्राइवर गाड़ी का शीशा तक बंद करना भूल गया और खुद भी अपने रिश्तेदारों के साथ बाजार में खरीदारी करने में मशगूल हो गया। व्यस्त बाजार में बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी होने के कारण राहगीरों और व्यापारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सवाल पूछने पर पत्रकारों से ड्राइवर आई कार्ड भी मांगने लग गया। वहीं पत्रकारों ने जब अधिकारी का मोबाइल नंबर मांगा तो उसने कहा कि मैं अधिकारी को फोन लगा रहा हूं पर अधिकारी ने उस ड्राइवर का फोन तक रिसीव नहीं किया। क्या प्रशासन ऐसे रसूखदारों पर कार्रवाई करेगा जो सरकारी पद की गरिमा को बाजार में नीलाम कर रहे हैं? या फिर 'ऊँची पहुँच' के नाम पर नियमों की ऐसी ही धज्जियां उड़ती रहेंगी?

# हरदेव मंदिर में सेवायतों ने पूजा—अर्चना रोकी

## सेवायतों के दो पक्षों में हुआ था झगड़ा,मंदिर में लगाया गया ताला

## पुलिस पर कोर्ट के आदेश का पालन न कराने का लगा अरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन की मानसी गंगा के समीप स्थित श्री हरदेव मंदिर में शनिवार को सेवा पूजा नहीं हो सकी। वजह सेवायतों में हुआ झगड़ा होना है। कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर में दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी–डंडे चले। एक पक्ष ने कोर्ट के आदेश का पालन न कराने का पुलिस पर आरोप लगाया है। पुलिस उसके आरोपों को गलत बता रही है।

शुक्रवार को हरेदव मंदिर में सेवा पूजा को लेकर सेवायतों को दो पक्षों में उस समय जमकर मारपीट हुई जब न्यायालय द्वारा कई सेवायतों की सेवा पूजा पर रोक लगा दी गई। न्यायालय ने याचिका की सुनवाई करते हुए 22 से लेकर 28 तक लोगों को ठाकुरजी की सेवा पूजा करने पर रोक लगादी। इनके स्थान पर याचिका करता चंद्रमोहन गोस्वामी को सेवा पूजा का अधिकार दे दिया। झगड़े के दौरान मंदिर में ताला लगा दिया गया। चंद्रमोहन का आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कराया। वहीं पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में चंद्रमोहन गोस्वामी द्वारा लगाए गए अरोप को निराधार बताते हुए कोर्ट के आदेश का पालन कराने की रिपोर्ट देते हुए कहा कि आदेश का पालन कराने के बाद झगड़ा हुआ।

## सेलिब्रिटी बुक क्लब से लौट रहा पढ़ने का दौर

# सितारों के बुक क्लब से बढ़ रहा पढ़ने का क्रेज

**यूनिक समय, मथुरा।** डिजिटल दौर में जहां लोगों की रुचि तेजी से मोबाइल और सोशल मीडिया की ओर बढ़ रही है, वहीं किताबों को फिर से लोकप्रिय बनाने में फिल्मी सितारे और पॉप आइकन्स बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। कभी शांत लाइब्रेरी और सीमित पाठकों तक सिमटी साहित्यिक दुनिया अब ग्लैमर और सोशल मीडिया के सहारे नए पाठकों तक पहुंच रही है।

ग्लोबल पॉप स्टार दुआ लीपा ने अपने बुक क्लब और पॉडकास्ट के जरिए साहित्य को युवाओं के बीच नया आकर्षण दिया है। वे प्रसिद्ध लेखकों से बातचीत करती हैं और किताबों को लेकर अपनी दिलचस्पी साझा करती हैं। उनके इस अंदाज ने पढ़ने को केवल बौद्धिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव बना दिया है। हॉलीवुड में रीज विदरस्पून, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और काइया गर्बर जैसे सितारे भी किताबों के प्रचार में सक्रिय हैं। रीज विदरस्पून के बुक क्लब का असर इतना बड़ा रहा कि कई किताबें करोड़ों पाठकों तक पहुंच गईं। विशेषज्ञों का मानना है कि सेलिब्रिटी सुझावों से अच्छी किताबों को नए पाठक मिल रहे हैं और साहित्य का दायरा लगातार बढ़ रहा है।



भारत में भी यह ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने "सोनालीज बुक क्लब" के जरिए पाठकों को किताबों से जोड़ने की पहल की है। ट्विंकल खन्ना अपने प्लेटफॉर्म पर किताबों की सिफारिश करती हैं, जबकि आलिया भट्ट बच्चों के लिए किताबों की नई श्रृंखला लेकर आई हैं। इन पहलों का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को स्क्रीन से हटाकर पढ़ने की आदत से जोड़ना है।यूसीएलए की प्रोफेसर और लेखिका मैरिएन वुल्फ के अनुसार, आज के दौर में सेलिब्रिटी बुक क्लब एक महत्वपूर्ण "फिल्टर" की तरह काम कर रहे हैं। हर साल लाखों किताबें प्रकाशित होती हैं, ऐसे में ये मंच पाठकों को बेहतरीन साहित्य चुनने में मदद देते हैं। साथ ही पढ़ने के व्यक्तिगत अनुभव को सामाजिक और वैश्विक समुदाय में बदल रहे हैं।

## सोशल मीडिया के सहारे युवाओं तक पहुंचा साहित्य

विशेषज्ञ मानते हैं कि जब बड़े सितारे किताबों को बढ़ावा देते हैं, तो युवाओं के बीच यह संदेश जाता है कि पढ़ना केवल ज्ञान नहीं, बल्कि आधुनिक और आकर्षक जीवनशैली का हिस्सा भी है।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 930 बेटियों के हाथ होंगे पीले



**यूनिक समय, मथुरा।** इस साल समाज कल्याण विभाग 930 निर्धन बेटियों का कन्यादान कराएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लक्ष्य मिलने के बाद विभाग अब ब्लॉकवार बैठक की तैयारी में जुटा है। टेंडर प्रक्रिया के बाद भव्य आयोजन में बेटियों की विदाई की जाएगी।

सीएम सामूहिक विवाह योजना के लिए शासन ने लक्ष्य जारी कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि विभाग को 930 जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य मिलने के साथ ही विवाह समारोह से संबंधित प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में टेंडर होगा।

उन्होंने बताया कि टेंडर के बाद शादी आयोजन की अन्य तैयारियां शुरू हो जांएगी। अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए निकाय और ब्लॉकवार आवेदन लिए जाएंगे। विवाह की तिथि निर्धारित होने के बाद जोड़ों के सत्यापन का कार्य शुरू कराया जाएगा। विवाह के आयोजन में विभाग एक लाख रुपये खर्च करता है। बेटी के खाते में डीबीटी के माध्यम से 60 हजार रुपये भेजे जाते हैं। 25 हजार रुपये का सामान और 15 हजार रुपये विवाह समारोह पर खर्च में किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन चार चरणों में होगा। पहले तीन चरण में तीन बार में 279 शादियां कराई जाएंगी, जबकि चौथे चरण में 93 शादी होंगी। बीते साल इस योजना के अंतर्गत 818 शादी कराई गईं थीं।

### समाज कल्याण विभाग को मिला लक्ष्य, चार चरणों में होंगी यह शादी

### एक शादी पर शासन की ओर से एक लाख रुपये खर्च का है प्रावधान




# मुख्यमंत्री अभ्युद्‌य योजना में मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री अभ्युद्‌य योजना के अंतर्गत यूपीएससी, पीसीएस, एसएससी, एनडीए, सीडीएस, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी एक जून तक ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युद्‌य योजना के अंतर्गत सिविल सर्विसेज और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए नए अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं, जो एक जून तक लिए जाएंगे। कोचिंग सत्र एक जुलाई से शुरू होगा। सिविल सेवा, पीसीएस और एसएससी जैसी एक दिवसीय परीक्षाओं के लिए स्नातक अंतिम वर्ष या स्नातक उत्तीर्ण छात्र पात्र होंगे। एनडीए और सीडीएस के लिए संबंधित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। नीट और जेईई के लिए कक्षा 11 और 12 में अध्ययनरत या उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अभ्युद्‌य पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा ऑफलाइन आवेदन फॉर्म राजीव भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 7417667589 और 9354357467 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ठाकुरजी की पोशाक बनाने वाली महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश की योगी सरकार ने ठाकुर जी पोशाक सिलने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष योजना शुरु की है।

जिला उद्योग केंद्र की ओर से चयनित महिलाओं को हाईटेक सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही कार्य प्रारंभ करने के लिए 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। विभाग ने इच्छुक महिलाओं से आवेदन मांगे हैं। गौरतलब है कि जिले में बड़ी संख्या में ठाकुरजी की पोशाक तैयार करने का कार्य महिलाएं करतीं हैं। वृंदावन, गोवर्धन और मथुरा सहित कई क्षेत्रों में घर-घर में पोशाक निर्माण का कार्य होता है। जिला उद्योग विभाग के अधिकारियों का मानना है कि आधुनिक सिलाई मशीन मिलने से महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और उत्पाद की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। यह सिलाई मशीन अत्याधुनिक फीचरों से लैस हैं, इनकी लगभग कीमत 12 हजार के आसपास बताई जा रही है।

जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन अधिकारी चंद्रभान सिंह के मुताबिक योजना का लाभ उन महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा, जो पहले से सिलाई या पोशाक निर्माण कार्य से जुड़ी हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीते वर्ष 448 अभ्यर्थियों ने इस योजना का लाभ लिया था। उन्होंने महिलाओं से समय रहते आवेदन करने की अपील की है।

### विशेष योजना के तहत मिलेंगी सिलाई मशीनें और प्रोत्साहन राशि दो हजार रुपये मिलेंगे

# जनपद में 13 हजार बुजुर्गों की पेंशन अटकी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में हजारों बुजुर्ग वृद्धा पेंशन के सहारे अपना जीवन चला रहे हैं, लेकिन करीब 13 हजार बुजुर्गों की पेंशन अभी तक नहीं पहुंची है। पेंशन न आने से बुजुर्ग परेशान हैं और समाज कल्याण विभाग व बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। जिले में करीब 63,793 बुजुर्ग वृद्धा पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। इनमें से लगभग 50 हजार लोगों के खातों में पेंशन पहुंच चुकी है, लेकिन बाकी लोगों को अभी इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर गांवों से आने वाले बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान दिखाई दे रहे हैं। भीषण गर्मी में बुजुर्ग कई किलोमीटर दूर से शहर पहुंच रहे हैं। कोई बैंक में जानकारी लेने जा रहा है तो कोई समाज कल्याण विभाग के दफ्तर में पूछताछ कर रहा है। कई बुजुर्गों का कहना है कि पेंशन ही उनके खर्च का सहारा है। इसी पैसे से दवाई, राशन और रोजमर्रा का खर्च चलता है। समय पर पैसा न आने से दिक्कत बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र से आए बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें सही जानकारी भी नहीं मिल पा रही। कई बार दफ्तर पहुंचने के बाद सिर्फ इतना कह दिया जाता है कि "ऊपर से पैसा नहीं आया है।" इससे बुजुर्गों की चिंता और बढ़ रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि ज्यादातर लोगों की पेंशन भेज दी गई है। बाकी लाभार्थियों की रकम शासन स्तर से अभी नहीं आई है। शासन को इसकी जानकारी दे दी गई है। जैसे ही पैसा मिलेगा, बाकी बुजुर्गों के खातों में भी पेंशन डाल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जल्द भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है। वृद्धा पेंशन योजना बुजुर्गों के लिए बड़ा सहारा मानी जाती है। ऐसे में भुगतान में देरी होने से हजारों परिवारों की चिंता बढ़ गई है।

### गर्मी में दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर

### हजारों के खातों में अब तक नहीं पहुंची रकम

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कैदियों के हुनर का दिखा जलवा

### कैदियों के हाथों से बनी साफी, रूमाल और कपड़ों की हुई खरीदारी, अधिकारी भी हुए प्रभावित

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय लोक अदालत में इस बार एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यहां जिला कारागार में बंद कैदियों के हाथों से तैयार किए गए कपड़े, रूमाल, साफी, तौलिया और साड़ियों का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्टॉल पर पहुंचने वाला हर व्यक्ति कैदियों की कला और मेहनत को देखकर हैरान नजर आए।

लोक अदालत में आए अधिकारी, कर्मचारी और अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे लोग स्टॉल पर रुककर सामान को बड़े ध्यान से देखते दिखाई दिए। कई लोग तो सामान की खूबसूरती और अच्छी सिलाई देखकर खरीदारी करने से खुद को रोक नहीं सके। स्टॉल पर लोगों की भीड़ लगी रही और कर्मचारी भी सामान दिखाने में व्यस्त नजर आए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधाबल्लभ भी स्टॉल पर पहुंचे। उन्होंने कैदियों के हाथों से बनी साफी को ध्यान से देखा और उसकी डिजायन से प्रभावित



राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार में बंद कैदियों द्वारा बनाई गई तौलिया को खरीदते सीएमओ राधाबललभ व कर्मचारी ।

होकर खरीदारी की। उनके अलावा कई अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी तौलिया, रूमाल और साफी खरीदी। स्टॉल पर मौजूद सामान की कीमतें भी लोगों को काफी पसंद आईं। कैदियों द्वारा तैयार पोशाक 20 रुपये से लेकर साइज के हिसाब से 200 रुपये तक में बेची गईं।

वहीं रूमाल 50 रुपये और साफी 220 रुपये में लोगों ने खरीदी। साड़ियों और अन्य कपड़ों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। लोक अदालत में लगे इस स्टॉल ने सिर्फ खरीददारी ही नहीं कराई, बल्कि लोगों को यह सोचने पर भी मजबूर कर दिया कि जेल में बंद कैदी भी अपने हुनर और मेहनत से समाज में नई पहचान बना सकते हैं। कैदियों के हाथों से बने सामान की गुणवत्ता और सुंदरता ने हर किसी का दिल जीत लिया।

## तापमान / मौसम

37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

24 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,54,920
22 कैरेट 1,42,926
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,61,800 प्रति किलो

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
फोन नंबर-0565-2420150,
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



# सर्वर डाउन, महुअन टोल पर लगी वाहनों की लाइन


सर्वर डाउन होने की वजह से महुअन टोल पर लगी वाहनों की कतार।

### धीमी सर्वर गति से यात्रियों को हुई भारी परेशानी

### तकनीकी टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया समाधान

**यूनिक समय, फरह।** शनिवार को तकनीकी समस्या के चलते वाहन चालकों को परेशान होना पड़ा। महुअन टोल प्लाजा पर सर्वर की सुस्त गति से वाहन को बूथ से निकलने में देरी हुई, जिससे चालक और यात्री परेशान होते रहे। टोल की तकनीकी टीम इस समस्या के निदान को जुटी रही।

हाइवे स्थित महअन टोल प्लाजा पर सुबह से तकनीकी समस्या की वजह से वाहनों की लाइन लगती रही। सर्वर की गति सुस्त होने से एक वाहन को पास होने में दो से तीन मिनट का समय लगता रहा। इस समस्या की वजह से टोल पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

ऐसे में चालक और यात्री परेशान होते रहे, जबकि सुरक्षाकर्मी और अन्य स्टाफ के लोग समझाने में जुटे रहे। टोल के प्रबंधन कुलदीप सिंह ने बताया कि सर्वर समस्या की वजह से वाहन निकलने में देरी हुई। टोल की तकनीकी टीम लगातार सक्रिय होकर समस्या का निदान करने में जुटी रही। टीम ने कड़ी मेहनत के बाद इस समस्या पर काबू पाया, जिससे वाहन जल्दी से पास होने लगे।




# स्टेशन से पकड़ा मोबाइल चोर

### तीन महीने पहले मथुरा स्टेशन से चुराया था मोबाइल


मथुरा जंक्शन पर पुलिस की गिरफ्त में मोबाइल चोर।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ ने स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जीआरपी जितेंद्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक ललित भाटी, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच आरपीएफ के उप निरीक्षक सुजीत चंदेल भी अपनी टीम के साथ स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दोनों टीमों को एक संदिग्ध युवक वहां दिखाई दिया। टीमों ने उसकी तलाशी की तो उसके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल मिला। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू निवासी कलीजरी थाना इगलास अलीगढ़ है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि बरामद मोबाइल को उसने तीन महीने पहले ट्रेन से मथुरा जंक्शन से चोरी किया था।

# सर्विस रोड पर डाल दीं डामरयुक्त गिट्टी, वाहन चालक परेशान



राष्ट्रीय राजमार्ग के फतिहा पुल से कस्बा को जाने वाले सर्विस रोड पर डाली गई डामर युक्त गिट्टियां।

**यूनिक समय, फरह।** हाईवे के सौंदरीयकरण और मरम्मत का काम देख रही संस्था ने सर्विस रोड पर ही डामरयुक्त गिट्टी डाल दी है। इस समस्या से वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है।

पुल के ढलान से उतरते ही यह गिट्टी चालकों के लिए समस्या बनी हुई है। हाईवे सही करने के दौरान मशीनों से खोदी गई डामरयुक्त गिट्टी इन दिनों दो पहिया और टेंपो चालकों के लिए समस्या बनी हुई है। हाईवे के फतिहा पुल से उतरते ही यह गिट्टी सर्विस लेन की ओर जाने वालों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। पुल का ढलान होने की वजह से तेजी से उतरने वाले चालक अचानक आधे सर्विस रोड पर डामर वाली गिट्टी का देखकर परेशान होते हैं, वाहन के ब्रेक लेने पड़ते है। मथुरा से ब्लाक कार्यालय की ओर आने वाले मार्ग पर यह डामरयुक्त गिट्टी का मलबा किसी दिन हादसे की वजह बन सकता है। हाईवे के सौंदरीयकरण का काम देख रहे प्रबंधक संस्कार शर्मा ने इस समस्या के जल्द निदान की बात कही।

# नौहझील समाधान दिवस में सुनी गईं लोगों की समस्याएं

### जमीन विवाद और पैमाइश मामलों पर रहा ज्यादा फोकस

### पुलिस और राजस्व टीम ने दिए त्वरित कार्रवाई निर्देश

**यूनिक समय, नौहझील।** शासन के निर्देशानुसार शनिवार को थाना नौहझील परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से लोगों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन विवाद, आपसी रंजिश और पैमाइश से जुड़े मामले सामने आए। थाना प्रभारी जगदंबा सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में क्राइम इंस्पेक्टर विवेक कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। राजस्व विभाग की टीम के साथ कई मामलों में मौके पर जाकर विवाद सुलझाने की रणनीति भी बनाई गई। अधिकारियों ने लेखपालों और बीट आरक्षियों को लंबित मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बीमारी से ग्रामीण की हुई मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील के विजय गढ़ी में बीमार व्यक्ति की केएम मेडिकल हॉस्पिटल में मौत हो गई। गांव विजयगढ़ी निवासी ग्रामीण राधेश्याम काफी समय से बीमार चल रहा था। बताया गया कि बीमार राधेश्याम को उपचार के लिए केएम मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हॉस्पिटल स्टाफ ने उसकी मौत की खबर मगोर्रा पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सातवें दिन चोरी हो गई दहेज में मिली बाइक

**यूनिक समय, फरह।** चोरों ने दहेज में मिली बाइक को सातवें दिन चुरा लिया। पीड़ित ने स्थानीय थाने में चोरों पर मुकदमा दर्ज कराया था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। पुलिस अब चारों की तलाश में जुटी है। बाइक चोरी का यह मामला थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुरा से जुड़ा है। गांव निवासी चंदन सिंह ने बताया कि उसके बेटे की शादी 20 अप्रैल को हुई थी, जिसमें मोटर साइकिल मिली थी। 27 अप्रैल को यह मोटरसाइकिल गांव में उनके दरवाजे पर खड़ी थी, दोप ?हर करीब दो बजे इस मोटरसाइकिल को दो युवक चुरा ले गए। मोटरसाइकिल चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसी कैमरे के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# बिना अनुमति काटी शीशम, पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### खेत में खड़े शीशम के दो हरे पेड़ काटे

### वन विभाग ने जांच शुरू की

यूनिक समय, फरह। बिना अनुमति हरे पेड़ काटने पर वन विभाग ने पांच लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लकड़ी जब्त करने के बाद वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

वन विभाग को सूचना मिली कि मलिकपुर निवासी सुखदेव सिंह के खेत में दो हरे शीशम के पेड़ काटे गए हैं, लकड़ी मौके पर मौजूद है। सूचना पर वन दरोगा अनुराग पचहरा और वन रक्षक विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। टीम ने लकड़ी को कब्जे में ले लिया। जांच में सामने आया कि झुडावई निवासी प्रताप ने खेत मालिक और चार अन्य के साथ कटान कराया। आरोपियों के पास वन विभाग से इसकी अनुमति नहीं थी। विभाग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## गैंगस्टर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लखन निवासी बुखरारी थाना कोसीकलां गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसे छाता रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार किया है।



## ओवरलोड वाहनों पर एआरटीओ ने कसा शिकंजा

# तीन ओवरलोड डंपरों को किया सीज, चेकिंग से मचा रहा हड़कंप

**यूनिक समय, सुरीर।** एआरटीओ प्रवर्तन ने जनपद में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए अभियान के तहत शनिवार की सुबह सड़क पर दौड़ते बालू और मिट्टी से लदे ओवरलोड तीन डंपरों को सीज कर दिया। एआरटीओ की कार्रवाई से रोड पर चलने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार एआरटीओ (प्रवर्तन) राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ नौहझील–राया मार्ग पर सुरीर क्षेत्र के समीप चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान दो डंपर बालू से तथा एक डंफर मिट्टी से क्षमता से अधिक भरे हुए डंपर आते हुए मिले। टीम ने तीनों ओवरलोड वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग में वाहनों में क्षमता से अधिक मिट्टी और बालू भरा हुआ था। टीम ने तीनों वाहनों को सीज कर सुरीर कोतवाली में ले जाकर खड़ा करा दिया। एआरटीओ द्वारा अचानक की गई चेकिंग का पता लगने पर रोड पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। ओवरलोड वाहन संचालकों को एआरटीओ द्वारा सुरीर पर की जाने की जानकारी मिलते ही उन्होंने अपने वाहनों को इस ओर से निकालने की बजाय गांवों में होकर निकालना शुरू कर दिया। यही नहीं कु छ वाहन चालकों ने अपने वाहनों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थानो पर खड़ा कर दिया। एआरटीओ की चेकिंग टीम के चले जाने के बाद ओवरलोड वाहन फिर से सड़क पर फर्राटे भरने लगे। एआरटीओ रंजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने भी सराहना की और कहा कि ओवरलोड वाहन सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण बनते हैं, ऐसे में इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।


सीज ओवर लोड डंपर।

## योगी कैबिनेट का विस्तार रविवार को

# श्रीकांत शर्मा बन सकते हैं मंत्री

### छह नए मंत्रियों की सूची तैयार, कई बड़े चेहरे शामिल



**यूनिक समय, लखनऊ ।** योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। रविवार दोपहर तीन बजे राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें पांच से छह नए मंत्री शामिल किए जाएंगे। मंत्री बनने की लिस्ट में श्रीकांत शर्मा टॉप पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को संभावित मंत्रियों की सूची सौंप दी है। सूत्रों के अनुसार श्रीकांत शर्मा, मनोज पांडे और पूजा पाल के नाम लगभग तय माने जा रहे हैं। इसके अलावा भूपेंद्र सिंह चौधरी, गोविंद नारायण शुक्ला, कृष्णा पासवान, महेंद्र सिंह, हंसराज विश्वकर्मा, सुरेंद्र दिलेर और रामचंद्र प्रधान भी संभावित सूची में शामिल बताए जा रहे हैं।

# माथुर चतुर्वेद परिषद ने शुरू किया सदस्यता अभियान


परिषद कार्यालय पर सदस्यता अभियान में पंजीकरण करते लोग।

### पहले दिन उमड़ी समाजजनों की भारी भीड़

### पारदर्शी वोटर सूची बनाने पर जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ शनिवार को परिषद कार्यालय पर किया गया। अभियान का उद्घाटन परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक और परिषद संरक्षक गिरधारी लाल पाठक ने किया। इस अवसर पर महेश पाठक ने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट तैयार करने और समाज को संगठित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के पहले ही दिन समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिला। लगभग 15 लोगों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की, जबकि 40 से 50 लोगों ने साधारण सदस्य के रूप में अपना पंजीकरण कराया। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग सदस्य बनने के लिए आगे आ रहे हैं। परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी ने बताया कि कुछ लोगों को परिषद कार्यालय तक पहुंचने में असुविधा हो रही थी। इसे देखते हुए सदस्यता अभियान को समाज के बीच ले जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार से यह अभियान समाजवाड़ी भैंस बहोरा में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान के संयोजक संजय चतुर्वेदी और कमल चतुर्वेदी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सहायक चुनाव अधिकारी संजीव चतुर्वेदी, मंत्री अमित चतुर्वेदी, सौरभ पंडित, गोपाल पाठक, अभय चतुर्वेदी, मोहित चतुर्वेदी, द्वारकेश तिवारी और सचिन चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वृन्दावन में पेड़ा कारोबार पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

### बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र की 16 मिठाई दुकानों पर न्यायालय में बाद दायर

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र के आसपास पेड़ा और मिठाई कारोबार पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने 16 मिठाई दुकानों के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर किए हैं। जांच के दौरान पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों में शुद्ध खोया की जगह पामोलीन ऑयल, स्किम्ड मिल्क पाउडर और चीनी से तैयार पेड़े बेचे जा रहे थे। इन्हें ग्राहकों को शुद्ध खोया आधारित बताकर बेचा जा रहा था, जिससे उपभोक्ताओं के साथ भ्रामक व्यवहार हो रहा था।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानों का निरीक्षण किया, जहां कई जगह रेट लिस्ट नहीं मिली और खाद्य सामग्री अस्वच्छ परिस्थितियों में रखी पाई गई। विभाग ने यह भी बताया कि पूर्व में दिए गए नोटिसों का जवाब नहीं दिया गया था। कार्रवाई में कई प्रसिद्ध पेड़ा व मिठाई दुकानों के नाम शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# एलीट स्कूल में उल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस


मातृ दिवस महिला को सम्मानित करते अतिथि।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भावुक किया उपस्थित जनसमूह

**यूनिक समय, मथुरा।** एलीट न्यू जनरेशन इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर मातृत्व प्रेम, सम्मान और भावनाओं से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यार्थियों ने "मेरी माँ" विषय पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर माँ के त्याग, प्रेम और समर्पण को दर्शाया, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर कक्षा प्ले की माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता माताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर संगीता अग्रवाल ने मातृ प्रेम और त्याग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य अंकित खंडेलवाल ने कहा कि माँ संस्कार और शक्ति का प्रतीक होती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन ने सभी माताओं का आभार व्यक्त किया।

# विषाक्त सेवन से ग्रामीण की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना राया के गांव नगला हरिया में एक व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

गांव नगला हरिया निवासी ग्रामीण विजय सिंह ने घर पर किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिवार में हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों को जब विजय सिंह ने बताया कि उसने विषाक्त का सेवन कर लिया है। ये बात सुनकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। आनन–फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी बिगड़ती हालत को देख कर उसे हॉयर सेंटर ले जाने की सलाह दी। बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विजय सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर ग्राम अलवाई में शोभायात्रा निकाली गई। 'राजपूत एकता दल' के बैनर तले निकाली शोभायात्रा के माध्यम से महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, त्याग और वीरता के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया।

### नाम परिवर्तन

मैं रमा शर्मा पत्नी श्री लोकेन्द्र कुमार शर्मा निवासी 184,सेक्टर-3, श्री राधापुरम एस्टेट मथुरा बांगर, कृष्णा नगर मथुरा उ.प्र. 281004 सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम कु. रमा कुमारी से बदलकर रमा शर्मा कर लिया है, भविष्य में मुझे रमा शर्मा के नाम से जाना जाये, पढ़ा जाये, लिखा जाये।






## ब्रज की अधूरी सड़क परियोजनाओं को मिला सहारा

# 3.60 करोड़ की धनराशि अवमुक्त

सिटी रिपोर्टर



**यूनिक समय, मथुरा।** जिले की तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को राज्य सरकार से नई वित्तीय मंजूरी मिली है। संयुक्त सचिव राजेश प्रताप सिंह ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश जारी कर राज्य सड़क निधि में जिले की लंबित सड़क परियोजनाओं के लिए कुल 3.60 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। इससे चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

सबसे बड़ी परियोजना जनपद मथुरा में अकबरपुर–शेरगढ़ मार्ग (अ.जि.मा.) के किलोमीटर 0.000 से 8.500 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की है। वर्ष 2024 में स्वीकृत इस परियोजना की कुल लागत 22.59 करोड़ रुपये है। अब तक इस परियोजना पर 15.88 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं, जबकि 3.38 करोड़ रुपये अवशेष थे। शासन ने वर्तमान चरण में 90 लाख रुपये जारी किए हैं। यह मार्ग ग्रामीण संपर्क और स्थानीय यातायात के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। दूसरी प्रमुख परियोजना कोसीकलां (राष्ट्रीय राजमार्ग–19, किमी 101) से हरियाणा सीमा वाया कामर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की है। करीब 21.24 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना में अब तक 21.12 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। परियोजना में 19.04 करोड़ रुपये की अवशेष धनराशि दर्शाई गई थी, जिसके सापेक्ष 1.50 करोड़ रुपये अब जारी किए गए हैं। यह मार्ग इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और व्यापारिक आवागमन के लिए अहम माना जा रहा है।

तीसरी परियोजना मथुरा रांची मऊशाला–लाडपुर रिफाइनरी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य से जुड़ी है। लगभग 17.12 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना में अब तक 13.53 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं।

### 22 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को मार्च 2027 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य

### अकबरपुर–शेरगढ़, कोसी–हरियाणा सीमा और मऊशाला लाडपुर रिफाइनरी लिंक रोड शामिल

शेष 11.86 करोड़ रुपये के सापेक्ष सरकार ने 1.20 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह मार्ग रिफाइनरी क्षेत्र, ग्रामीण आबादी और औद्योगिक गतिविधियों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है।

## बीएसएसीईटी छात्रों ने गेट–2026 में लहराया परचम

# आदित्य बाघवाला ने हासिल की ऑल इंडिया 726वीं रैंक



गेट क्वालीफाइड छात्र–छात्राओं के साथ संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट–2026) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्र आदित्य बाघवाला ने इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग पेपर में ऑल इंडिया 726वीं रैंक तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन पेपर में 1972वीं रैंक प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की।

इसके साथ ही छात्रा रागिनी अग्रवाल ने ईसी पेपर में तथा छात्र प्रियांश महेश्वरी ने कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी पेपर में शानदार रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। छात्रों की इस उपलब्धि से कॉलेज परिसर में हर्ष का माहौल है।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन

### छात्रों की सफलता से संस्थान में खुशी का माहौल

एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ने सफल छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

संस्थान के वाइस चेयरमैन इं. नितिन मित्तल एवं निदेशक प्रो. श्याम सुन्दर अग्रवाल ने भी छात्रों को बधाई दी। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विभागाध्यक्ष रंजीत सिंह सहित शिक्षकों आशुतोष दुबे, रजनीश यादव, फरहान अजीज, विनय गुप्ता, अनुराधा गुप्ता और डॉ. दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन को दिया।

## ध्रुवघाट पर विद्युत एवं गैस शवदाह गृह का लोकार्पण सोमवार को

**यूनिक समय, मथुरा।** ध्रुवघाट श्मशान स्थल संचालन समिति को नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा स्थापित विद्युत एवं गैस शवदाह गृह के संचालन की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस नवीन प्रकल्प का विधिवत लोकार्पण 11 मई 2026, सोमवार को प्रातः 11 बजे विद्युत एवं गैस शवदाह स्थल पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में

### महापौर विनोद अग्रवाल करेंगे उद्घाटन

मुख्य अतिथि के रूप में महापौर विनोद अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम नारायण दास अग्रवाल के सान्निध्य में संपन्न होगा। समिति पदाधिकारियों ने नागरिकों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## सात सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**यूनिक समय, वृंदावन।** वार्ड 70 बिहारीपुरा अंतर्गत तीन स्थानों गोविन्द बाग, अठखम्भा चंद्रावली माता गली, भट्ट गली में आज वैदिक मन्त्रोंच्चारण के बीच सात सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया।

पार्षद वैभव अग्रवाल ने बताया कि वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सड़क



निर्माण कार्य प्रारम्भ होने वाले है। इस अवसर पर कृष्णगोपाल भट्टाचार्य, विष्णुकांत शर्मा, नारायणदास अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण दीक्षित, जयबिहारी गौतम, बब्बी अग्रवाल, धर्मनाथ शास्त्री, कमल किशोर वार्ष्णेय, गिरधर शर्मा, अंकित अग्रवाल, राजेश शर्मा तथा मयंक सोनी उपस्थित थे।

## बांकेबिहारी महाराज के भक्तों के लिए कई विशेष व्यवस्थाएं

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने मंदिर परिसर और चबूतरे पर बड़े कूलर, पंखे और कारपेट लगाए गए हैं। इससे नंगे पैर श्रद्धालुओं को राहत मिली है। 17 मई से शुरू हो रहे पुरुषोत्तम मास को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने व्यवस्थाओं को और

### अब तपती दोपहरी में नहीं जलेंगे पैर

### कूलर, पंखे, कारपेट के साथ आरओ पानी

मजबूत किया है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। मंदिर चबूतरे की बाउंड्री पर आरओ वाटर सिस्टम लगाए।


स्थापित एवं संचालित श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल रजि. मथुरा

BCS

**ब्रज चिकित्सा संस्थान स्कूल ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडीकल कॉलेज, मथुरा**

RECOGINISED BY INDIAN NURSING COUNCIL, NEW DELHI
AFFILIATED TO ATAL BIHARI VAJPAYEE MEDICAL UNIVERSITY, LUCKNOW (COLLEGE CODE: 2810069)
AFFILIATED TO U.P. STATE MEDICAL FACULTY, LUCKNOW (COLLEGE CODE: 0221)

**B.Sc. नर्सिंग एवं अन्य कोर्सो में प्रवेश प्रारम्भ- 2026-27**

योग्यता : इण्टरमीडिएट

| COURSES OFFERED | PERIOD | ELIGIBILE CRITERIA |
|---|---|---|
| B.Sc. नर्सिंग (बैचलर ऑफ साइन्स इन नर्सिंग) | 4 Year | भौतिक रसायन-जीव विज्ञान के साथ |
| GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) | 3 Year | विज्ञान/कला विषयों के साथ |
| ANM (ऑक्जीलरी नर्स एण्ड मिडवाइफरी) | 2 Year | विज्ञान/कला विषयों के साथ |
| OTT (डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन) | 2 Year | विज्ञान विषयों के साथ |

**नर्सिंग कॉलेज परिसर में स्वयं का मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल**

- जनरल मेडिसिन विभाग
- हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
- शल्य चिकित्सा विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- चर्म रोग एवं केश रोग विभाग
- नवजात एवं बाल रोग विभाग
- आई.सी.यू.
- एक्स-रे सुविधा
- पैथोलॉजी सुविधा
- डायलिसिस यूनिट
- अल्ट्रसाउण्ड विभाग
- 24X7 आपातकालीन विभाग

**सुविधायें -**

सीटें सीमित

- न्यूनतम प्रशिक्षण शुल्क
- गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा
- आर.ओ. व मीठे पानी की सुविधा
- जनरेटर की सुविधा
- बस सुविधा
- एयर कूल्ड कक्षायें
- सरकार द्वारा छात्रवृत्ति की सुविधा



मुख्य विशेषतायें

- अनुभवी प्राध्यापक अध्यापक
- शहर के मध्य स्थित कॉलेज
- पूर्ण सुसज्जित लैब
- स्मार्ट क्लासेज
- ऑडियो/वीडियो फैसिलिटीज
- स्वयं का अस्पताल एवं विभिन्न आधुनिक अस्पतालें से सम्बन्धता

**सभी अभ्यार्थी जल्द से जल्द कॉलेज में आकर अपना पंजीकरण करायें।**

सम्पर्क स्थल : टरेसी रोड, मथुरा (श्री कृष्ण जन्म स्थान के पास) फोन : 9997905954, 8979726557, 8979504557
E-mail: bcssnpc@gmail.com Web.: www.brijchikitsasansthan.org


## केडी हॉस्पिटल और रेडक्रॉस सोसाइटी ने दिया मानवता का संदेश

# चिकित्सकों और छात्रों ने उत्साह से किया रक्तदान

### रेडक्रॉस और विश्वविद्यालय ने बढ़ाया सेवा का अभियान



रक्तदान शिविर के शुभारम्भ पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ, केडी यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अरुण अग्रवाल, डीन और प्राचार्य डॉ. आरके अशोका, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गगन दीप सिंह आदि ।

**यूनिक समय, मथुरा।** मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केडी विश्वविद्यालय एवं रेडक्रॉस सोसाइटी मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को केडी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर और व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में दो दर्जन से अधिक चिकित्सकों, मेडिकल छात्र–छात्राओं और कर्मचारियों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर का शुभारम्भ केडी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विकास कुमार अग्रवाल ने रक्तदान कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. चित्रेश, डॉ. आलोक कुमार, केडी यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अरुण अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अम्बरीश कुमार, डीन एवं प्राचार्य डॉ. आरके अशोका, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गगन दीप सिंह, प्रो. डॉ. गुलशन कुमार तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन महेश खंडेलवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समापन समारोह में वाइस चांसलर डॉ. मनेष लाहौरी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास अग्रवाल और डॉ. आरके अशोका ने रेडक्रॉस पदाधिकारियों का स्वागत किया।

व्याख्यान के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन महेश खंडेलवाल ने संस्था की सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रेडक्रॉस युद्ध, बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं के साथ रक्तदान, क्षय रोगियों की सहायता और जागरूकता अभियानों में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य शाखा के सभापति एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महासचिव रामानन्द कटियार तथा कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मथुरा इकाई लगातार सेवा कार्य कर रही है। कार्यक्रम में सचिव अमृत लाल खंडेलवाल, शिव कुमार गुप्ता, डॉ. विनीता गुप्ता, डॉ. चंद्रप्रकाश राजौरिया और पंकज यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

# डीएम-एसएसपी, सीडीओ ने की ऑनलाइन स्वगणना


जिलाधिकारी सीपी सिंह स्वगणना करते हुए।

### 7 से 21 मई तक पोर्टल पर खुद भर सकेंगे जानकारी,

### डीएम बोले- हमारी जनगणना, हमारा विकास

**यूनिक समय, मथुरा।** जनगणना-2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन (स्वगणना) कर अभियान की शुरुआत की। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने भी स्वगणना प्रक्रिया पूरी की। जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से आए जिला प्रभारी मृगेन्द्र बहादुर सिंह और सह जिला प्रभारी अभिषेक पांडेय ने अधिकारियों को डिजिटल जनगणना प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया गया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना होगी, जबकि दूसरे चरण में जनगणना का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में मकान सूचीकरण का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा। आम नागरिक 7 मई से 21 मई 2026 तक स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से कहा कि सभी लोग सही और तथ्यात्मक जानकारी के साथ स्वगणना करें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास, योजनाओं के निर्माण और संसाधनों के बेहतर उपयोग का मजबूत आधार है। एसएसपी ने कहा कि जनगणना केवल लोगों की गिनती नहीं, बल्कि समग्र और सुनियोजित विकास की नींव है। सीडीओ ने कहा कि सभी को इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए।

# डीआईजी ने मथुरा से 23 दरोगाओं का किया स्थानांतरण

### दरोगाओं को फिरोजाबाद और मैनपुरी भेजा

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद से 23 दरोगाओं का स्थानांतरण मैनपुरी और फिरोजाबाद के लिए किया गया है। इन सभी दरोगाओं का कार्यकाल जनपद में पूरा हो चुका है।

मथुरा से उप निरीक्षक संगीता रानी, अधितेश कुमार, जितेंद्र सिंह, नितन तेवतिय, हरिओम त्यागी, विनोद यादव, देवेंद्र सिंह, अभिषेक चौधरी, निशांत पायल, प्रवीण तेवतिया, प्रवीण कुमार, राहुल सिंह, सावेज चौधरी, पुष्पेंद्र कुमार, सौरभ कुमार शर्मा, कुलवीर सिंह का स्थानांतरण फिरोजाबाद के स्थानांतरित किया है। वहीं वीर सिंह, सुनील कुमार, अमित कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र सिंह, सुरेशचंद्र, विदित कुमार का स्थानांतरण मैनपुरी जनपद के लिए किया गया है।

# शहीद सैनिक की प्रतिमा को सलामी दिए जाने की मांग

**यूनिक समय, मथुरा।** "मेरे पति ने श्रीलंका में लिट्टे उग्रवादियों से लड़ते हुए सात राज रिफ के लिए जान दी थी... आज उनकी मूर्ति पर एक सलामी गार्ड भी नसीब नहीं?" ये दर्द है वीरमति देवी का, जिनके पति शहीद राइफलमैन रामवीर सिंह वर्ष 1989 में ऑपरेशन पवन के दौरान श्रीलंका में लिट्टे उग्रवादियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

10 मई को शहीद के पैतृक ग्राम गंजौली जिला मथुरा में उनकी आदर्श प्रतिमा का अनावरण होना है। शहीद के सम्मान में जब परिवार ने स्टेशन मुख्यालय से सैन्य सलामी गार्ड मांगा तो मना कर दिया गया कि शहीद की प्रतिमा अनावरण पर कोई भी गार्ड नहीं भेजी जाती है, ऐसा कोई रूल नहीं है। वीरमति देवी ने रोते हुए कहा कि 36 साल हो गए पति को गए हुए। हर साल 7 राज रिफ का झंडा देखकर सीना चौड़ा हो जाता था, आज उसी पलटन के अफसर बोल रहे हैं कि मूर्ति पर सलामी का रूल नहीं है।

स्थानीय पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर बच्चू सिंह ने बताया कि सेना शहीद के स्मारक, मूर्ति अनावरण पर स्थानीय फॉर्मेशन सलामी दे सकती है। वीर नारी वीरमति देवी ने कहा कि यदि कल मूर्ति अनावरण पर सलामी नहीं हुई तो वे राष्ट्रपति को अपना वीर नारी का दर्जा वापस कर देंगी। उधर सेना मुख्यालय से इस बारे में संपर्क न होने के कारण उनका पक्ष नहीं दिया जा रहा है।

# राधारानी तीन वन परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब


तीन वन की परिक्रमा लगाते भक्तगण।

**यूनिक समय, सुरीर।** सुरीर तहसील मुख्यालय से प्रारंभ हुई राधारानी तीन वन परिक्रमा में शनिवार को अपना 50वां सोपान पूर्ण किया। परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ते नजर आए। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। परिक्रमा तहसील गेट से शुरू हुई, जहां भक्तों ने फूल-मालाओं के साथ राधारानी का गुणगान करते हुए श्रद्धा भाव से नृत्य किया। इसके बाद यात्रा मानसरोवर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने राधारानी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मानसरोवर से यात्रा देवराहा बाबा आश्रम पहुंची। वहां से श्रद्धालु बेलवन धाम पहुंचे, डोले में विराजमान श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा के साथ श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भैरू बाबा मंदिर, मांट पहुंचे। यहां से यात्रा श्री गोरा धाम मंदिर, बंसीवट और भांडीरवन की परिक्रमा करते हुए मांट में संपन्न हुई। परिक्रमा के दौरान वृंदावन दास महाराज ने बताया कि तीन वन की यह परिक्रमा करने से व्यक्ति पापों से मुक्त होकर भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की कृपा होती है। उन्होंने बताया कि यह परिक्रमा प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को आयोजित होती है। समाजसेवी जगदीश राघव ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 239888 वादों का निस्तारण

### पीड़ितों को मिला 8,22,24,000 रुपये का प्रतिकर

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विकास कुमार ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला मुख्यालय, कलेक्ट्रेट और तहसील स्तर पर कुल 315031 वाद निस्तारण के लिए नियत किए गए थे। इनमें से 239888 वादों का निस्तारण किया गया।

जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने 1 फौजदारी और 21 सिविल वादों का निस्तारण किया। मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण में 63 वादों का निस्तारण करते हुए पीड़ित पक्षकारों को 8,22,24,000 रुपये प्रतिकर देने के आदेश दिए गए। इसके अलावा 9 प्रकीर्ण वादों का भी निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रीति श्रीवास्तव ने 16 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया, जबकि अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विनय कुमार ने 14 मामलों का निस्तारण कराया। वैवाहिक मामलों से संबंधित गठित पीठ ने प्री-लिटीगेशन स्तर पर 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया। 1 पारिवारिक वाद का निस्तारण अन्य न्यायालय द्वारा किया गया। फौजदारी न्यायालयों द्वारा 32414 वादों का निस्तारण कर 5,92,850 रुपये अर्थदंड वसूला गया। चेक बाउंस के 48 मामलों में 1,96,10,515 रुपये भुगतान करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा 49 व्यावहारिक वाद, 53 विद्युत अधिनियम वाद, 279 विद्युत अधिनियम अंतिम आख्या, 10 उपभोक्ता फोरम वाद और 2495 अन्य प्रकार के मामलों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी राजेश चौधरी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रीति श्रीवास्तव, अपर जिला जज रामकिशोर पाण्डेय, अजय पाल सिंह, नोडल अधिकारी अरविन्द कुमार यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, बैंक, मोबाइल और फाइनेंस कंपनियों के अधिकारी, वादकारी, पैराविधिक स्वयंसेवक, मध्यस्थगण, पैनल अधिवक्ता और लीगल एड डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया। अंत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गोकुल की समस्याओं से नगर विकास मंत्री को अवगत कराया


यूपी के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से लखनऊ में मुलाकात करते गोकुल नगर पंचायत के चेयरमैन संजय दीक्षित के साथ मनीष लंबरदार।

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी के नगर विकास मंत्री व उर्जा मंत्री एके शर्मा को लखनऊ में गोकुल का गोवर्धन की समस्याओं से अवगत कराया गया। गोकुल नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय दीक्षित एवं गोवर्धन नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने मुलाकात की। अपने अपने धार्मिक तीर्थ स्थलों की विकास करने की मांग व बिजली से संबंधित मंत्री को सौंप गोकुल के सीवर लाइन सभी गलियों में डालने एवं एसटीपी बनाने, गोकुल के श्मशान घाट का सौंदर्य करण कराने, नगर पंचायत में एक जेसीबी, दो डंपर ब क्रेन प्रदान कराने का ज्ञापन दिया।

इसके अलावा कई और समस्याओं से अवगत कराया।

# दानघाटी मंदिर के मुख्य द्वार से हटाया अतिक्रमण


दानघाटी मंदिर क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाते थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर।

### पुलिस की दुकानदारों को सख्त चेतावनी

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में दानघाटी मंदिर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। दानघाटी मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर अवैध रूप से दुकानें लगाए जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हो रही थी। अभियान के दौरान पुलिस प्रशासन ने दानघाटी मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। न्यायालय के आदेशानुसार श्रद्धालुओं और भक्तजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर के मुख्य द्वार पर दुकानें लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि दर्शन और आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके बावजूद कुछ दुकानदार मुख्य द्वार के आसपास दूध, प्रसाद एवं अन्य सामग्री की दुकानें लगा रहे थे, जिससे श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दानघाटी मंदिर के आसपास लगी अस्थाई दुकानों को हटवाया और दुकानदारों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने कस्बे में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास भी कराया। मंदिर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई तथा यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त कराया गया।

अभियान के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर शिव दोहरे, इंस्पेक्टर हरेंद्र मलिक, कस्बा इंचार्ज मोहनलाल शर्मा, महिला उपनिरीक्षक विनय बौद्ध आदि उपस्थित थे। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का पालन कराते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।

# पश्चिम बंगाल में जीत सनातन की विजय

**यूनिक समय, वृंदावन।** धर्म रक्षा संघ की गोष्ठी महंत दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में हनुमान टेकरी आश्रम हुई। चुनाव परिणाम में सनातन की विजय और पश्चिम बंगाल के भगवाकरण पर साधु-संतों ने हर्ष व्यक्त किया।

धर्म रक्षा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि पश्चिम बंगाल का ममता बनर्जी ने पूरी तरीके से इस्लामीकरण कर दिया था लेकिन आज के चुनाव परिणाम से उनके हिन्दू विरोधी मंसूबे ध्वस्त हो गये। राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर कहा कि पश्चिम बंगाल में सिर्फ भाजपा की ही नहीं बल्कि भारत राष्ट्र की विजय हुई है।

डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि अब पश्चिम बंगाल जिहादियों से मुक्त हो गया है। गोष्ठी में राष्ट्रीय महासचिव महंत अतुल कृष्ण दास महाराज, आचार्य बद्रीश महाराज, आचार्य ज्ञानेश महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज तथा श्रीदास प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## सुविचार

कोशिश करते रहो, भले ही शुरुआत में यह मुश्किल हो।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 03:06-03:24 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | घनिष्ठा | 11:24-12:50 तक | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | | 5:37 AM | चन्द्रोदय | 01:10 AM |
| सूर्यास्त | | 6:53 PM | चंद्रास्त | 12:23 PM |
| सूर्य राशि | | मेष राशि | चंद्र | कुंभ राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:49AM -12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:02-03:50 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 05:14 PM: 06:53 PM | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# ऑफिस डेस्क पर रखी गलत चीजें बन सकती हैं प्रमोशन में रुकावट



**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आप मेहनत करने के बावजूद नौकरी में तरक्की या प्रमोशन में देरी का सामना कर रहे हैं, तो इसकी वजह केवल काम का दबाव नहीं बल्कि आपका ऑफिस डेस्क भी हो सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, कार्यस्थल की ऊर्जा व्यक्ति की सोच, निर्णय क्षमता और करियर ग्रोथ पर सीधा प्रभाव डालती है।

दफ्तर में लोग दिन के कई घंटे अपने डेस्क पर बिताते हैं, ऐसे में वहां रखी चीजों का सकारात्मक या नकारात्मक असर जीवन पर पड़ना स्वाभाविक है। यदि ऑफिस डेस्क अव्यवस्थित या गलत वस्तुओं से भरा हो, तो यह मानसिक तनाव बढ़ा सकता है और कार्यक्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार ऑफिस डेस्क पर भोजन की प्लेट रखना उचित नहीं माना जाता। ऐसा करने से कार्यस्थल की ऊर्जा प्रभावित होती है और एकाग्रता कम हो सकती है। इसी तरह कांटेदार पौधे जैसे कैक्टस आदि को भी डेस्क पर रखने से बचना चाहिए, क्योंकि इन्हें नकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने वाला माना जाता है। इसके अलावा ऑफिस टेबल पर पुरानी फाइलें, अनावश्यक कागज, उलझे हुए तार और बेकार सामान जमा करना भी गलत माना जाता है। इससे न केवल जगह अव्यवस्थित दिखती है, बल्कि मानसिक दबाव और काम में बाधा भी उत्पन्न होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि डेस्क का मध्य भाग हमेशा साफ और खाली रखना चाहिए ताकि ऊर्जा का प्रवाह सही बना रहे। वहीं कुछ वस्तुएं सकारात्मक प्रभाव भी डालती हैं। जैसे छोटी कछुए की मूर्ति को स्थिरता और तरक्की का प्रतीक माना जाता है। हाथी की छोटी प्रतिमा एकाग्रता और सफलता में वृद्धि का संकेत देती है। इसके अलावा छोटे हरे पौधे भी डेस्क पर रखे जा सकते हैं, जो वातावरण को ताजगी और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं।

वास्तु के अनुसार ऑफिस डेस्क की दिशा भी महत्वपूर्ण होती है। इसे हमेशा साफ–सुथरा और व्यवस्थित रखना चाहिए तथा संभव हो तो दक्षिण–पश्चिम दिशा में रखना शुभ माना जाता है। साथ ही डेस्क के पीछे दरवाजा या खिड़की होना भी उचित नहीं माना जाता, क्योंकि इससे ध्यान भटक सकता है।

कुल मिलाकर, यदि ऑफिस डेस्क को सही तरीके से व्यवस्थित रखा जाए और अनावश्यक वस्तुओं से दूर रखा जाए, तो यह न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है बल्कि करियर में उन्नति के रास्ते भी खोल सकता है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8 .00 से दोपहर 01 .30 बजे तक और शाम 4 .00 से रात 9 .00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 .30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष:** 10 अप्रैल का दिन मेष राशि वालों के लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं जो आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

**वृषभ:** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह दिन स्थिरता और संतुलन लेकर आएगा। नौकरी में सहयोगियों का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सोच–समझकर निवेश करें।

**मिथुन:** मिथुन राशि वालों के लिए 10 अप्रैल का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। काम का दबाव अधिक रह सकता है लेकिन आप उसे अच्छे से संभाल लेंगे। नए अवसर सामने आ सकते हैं। संचार कौशल से लाभ मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लिए यह दिन भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण रहेगा। परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। धन लाभ के संकेत हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात संभव है जो खुशी देगी।

**सिंह:** सिंह राशि वालों के लिए यह दिन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यस्थल पर आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। नए प्रोजेक्ट में सफलता मिल सकती है। आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या:** कन्या राशि के जातकों के लिए यह दिन व्यावहारिक निर्णय लेने का है। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए 10 अप्रैल का दिन संतुलन और सौहार्द लेकर आएगा। काम में प्रगति होगी और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि के लिए यह दिन परिवर्तनकारी साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई चुनौतियाँ मिलेंगी जिन्हें आप सफलतापूर्वक पूरा करेंगे।

**धनु:** धनु राशि वालों के लिए यह दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। नौकरी और व्यापार में लाभ होगा। नई योजनाएँ सफल हो सकती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम जीवन में खुशियाँ बढ़ेंगी।

**मकर:** मकर राशि के लिए 10 अप्रैल का दिन मेहनत का परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ:** कुंभ राशि वालों के लिए यह दिन रचनात्मकता और नए विचारों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। आर्थिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं। प्रेम जीवन में सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** मीन राशि के लिए यह दिन भावनात्मक और रचनात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। प्रेम जीवन में मधुरता आएगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

### हर किसी के लिए नहीं शुभ काला धागा

# इन जन्मतिथियों वालों को रहना चाहिए सावधान

**यूनिक समय, मथुरा।** अक्सर लोगों को आपने हाथ, पैर या गले में काला धागा पहने देखा होगा। मान्यता है कि यह बुरी नजर, नकारात्मक ऊर्जा और ग्रह दोषों से बचाव करता है। ज्योतिष और अंक ज्योतिष में काले धागे को सुरक्षा कवच के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह हर व्यक्ति के लिए समान रूप से शुभ नहीं माना जाता। कुछ जन्मतिथि वाले लोगों को इसे पहनने से नुकसान भी हो सकता है। अंक ज्योतिष के अनुसार, किसी भी महीने की 4, 13, 22 और 31 तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 4 होता है। इस मूलांक के स्वामी राहु माने जाते हैं। इन लोगों के लिए काला धागा सामान्य रूप से सुरक्षा कवच का काम करता है और नकारात्मक प्रभावों से बचाव में सहायक माना जाता है। वहीं 7, 16 और 25 तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 7 होता है, जिनका संबंध केतु से माना जाता है। ऐसे लोग भावनात्मक रूप से संवेदनशील होते हैं और उनके लिए काला धागा ऊर्जा संतुलन बनाए रखने में मददगार माना जाता है।

इसके अलावा 8, 17 और 26 तारीख को जन्मे मूलांक 8 वाले लोग शनि ग्रह से जुड़े माने जाते हैं। इनके लिए भी काला धागा स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। लेकिन कुछ मूलांक वाले लोगों के लिए काला धागा शुभ नहीं माना जाता। 1, 10, 19 और 28 तारीख को जन्मे मूलांक 1 वाले लोग सूर्य ग्रह से जुड़े होते हैं, और शनि–सूर्य के बीच संबंध अच्छे नहीं माने जाते। इसलिए इन्हें काला धागा पहनने से बचना चाहिए। इसी तरह 2, 11, 20 और 29 तारीख को जन्मे मूलांक 2 वाले लोग चंद्रमा से प्रभावित होते हैं और इनके लिए भी काला धागा शुभ नहीं माना जाता। 3, 12, 21 और 30 तारीख को जन्मे मूलांक 3 वाले लोगों के लिए गुरु ग्रह प्रभावी होता है, इसलिए इन्हें पीला धागा अधिक शुभ माना जाता है। वहीं 9, 18 और 27 तारीख को जन्मे मूलांक 9 वाले लोग मंगल ग्रह से जुड़े होते हैं और मंगल–शनि का संबंध विरोधी माना जाता है, इसलिए इन्हें भी काला धागा पहनने से बचने की सलाह दी जाती है। कुल मिलाकर, काला धागा पहनने से पहले अपनी जन्मतिथि और ज्योतिषीय स्थिति को समझना जरूरी माना गया है, ताकि इसका सही लाभ मिल सके और किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

# संत की सीख: समस्याओं से भागें नहीं, समाधान खोजकर आगे बढ़ें

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जीवन में आने वाली कठिनाइयाँ अक्सर व्यक्ति को तोड़ने लगती हैं, लेकिन वही कठिनाइयाँ उसे मजबूत भी बनाती हैं। ऐसी ही एक प्रेरक लोक कथा एक ऐसे युवक की है, जिसने लगातार संघर्षों से थककर हार मानने का मन बना लिया था, लेकिन एक संत की सीख ने उसके पूरे जीवन की दिशा बदल दी।



कहानी के अनुसार, एक गांव में एक युवक बचपन से ही कठिन परिस्थितियों में बड़ा हुआ। पिता का साया जल्दी उठ जाने के कारण परिवार की जिम्मेदारी उसके कंधों पर आ गई। पढ़ाई के साथ–साथ वह काम भी करता रहा ताकि मां और छोटे भाई–बहनों का पालन–पोषण हो सके। समय के साथ जिम्मेदारियां बढ़ती गईं और जीवन में समस्याओं का सिलसिला भी लगातार चलता रहा।

युवक ने जैसे–तैसे विवाह किया, लेकिन इसके बाद भी उसकी परेशानियां कम नहीं हुईं। एक समस्या खत्म होती तो दूसरी सामने खड़ी हो जाती। धीरे–धीरे वह मानसिक रूप से टूटने लगा और उसे लगने लगा कि शायद उसके जीवन में सुख संभव ही नहीं है।

एक दिन वह अपनी समस्याओं से परेशान होकर एक संत के पास पहुंचा और बोला कि वह अब जीवन से हार चुका है और शिष्य बनकर शांति चाहता है।

संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और उसे नदी किनारे चलने को कहा। वहां पहुंचकर संत नदी के पास खड़े हो गए और बोले कि वे नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उसे पार किया जा सके।

युवक हैरान रह गया और बोला कि ऐसा संभव नहीं है, नदी को पार करने के लिए आगे बढ़ना ही होगा। तभी संत ने उसे समझाया कि जीवन की समस्याएं भी इसी नदी की तरह हैं, जो कभी पूरी तरह खत्म नहीं होतीं। अगर इंसान उनके खत्म होने का इंतजार करेगा, तो वह कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा।संत की यह बात युवक के दिल में उतर गई। उसे समझ आ गया कि समस्याओं से भागना समाधान नहीं है, बल्कि उनका सामना करते हुए आगे बढ़ना ही असली जीवन का मार्ग है।

यह कथा हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देती है कि जीवन में बाधाएं हमेशा रहेंगी, लेकिन उनसे डरने की बजाय उन्हें अवसर के रूप में देखना चाहिए। निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास ही हर कठिनाई को आसान बना सकते हैं। जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है जो रुकते नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में आगे बढ़ते रहते हैं।

## सम्पादकीय

# हार-जीत का नशा लोकतंत्र का असली इम्तिहान

लोकतंत्र में चुनाव सिर्फ सत्ता बदलने की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि यह जनता के विश्वास की सबसे बड़ी परीक्षा भी होते हैं। लेकिन जब हार बौखलाहट बन जाए और जीत उन्माद में बदल जाए, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। हाल के चुनावी परिणामों के बाद पश्चिम बंगाल से जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे इसी चिंता को और गहरा करती हैं।



पवन गौतम
संपादक

चुनाव प्रचार के दौरान तीखी बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप तो अब लगभग सामान्य हो चुके हैं, लेकिन असली परीक्षा परिणाम आने के बाद शुरू होती है। यही वह समय होता है जब राजनीतिक दलों से परिपक्वता, संयम और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है। दुर्भाग्य से, कई बार यही समय तनाव और हिंसा में बदल जाता है।

पश्चिम बंगाल में नतीजों के बाद जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या राजनीतिक दल वास्तव में लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन कर रहे हैं? कहीं हारने वाले दल में असंतोष उबाल ले रहा है तो कहीं जीत का जश्न अति उत्साह में बदलकर दूसरे पक्ष के लिए खतरा बनता दिखाई देता है।

स्कैन करें
संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

यह सही है कि सीधे तौर पर किसी एक दल पर आरोप लगाना आसान नहीं होता, लेकिन घटनाओं की श्रृंखला अपने संकेत खुद दे देती है। जब कार्यकर्ताओं के बीच टकराव बढ़ता है, तो उसका असर आम जनता पर भी पड़ता है। विकास की योजनाएं पीछे छूट जाती हैं और समाज में अविश्वास की खाई गहरी हो जाती है।

लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि हारने वाला परिणाम स्वीकार करे और जीतने वाला विनम्र रहे। लेकिन जब यह संतुलन टूटता है, तो राजनीति सेवा से अधिक संघर्ष का मैदान बन जाती है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी खतरे की घंटी है।

जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक दल अपनी जिम्मेदारी समझें। जीत को अहंकार और हार को अपमान न बनाएं। लोकतंत्र में असली जीत किसी दल की नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की होती है और उस विश्वास को बनाए रखना ही सबसे बड़ी जीत है।

## नजरिया

# बढ़ती महंगाई का ऐसा खेल कि जेबें भी हारने लगीं रोज

बोध प्रकाश सगुणी



महंगाई अब किसी नीति का नतीजा नहीं लगती, बल्कि एक ऐसी स्थायी मेहमान बन चुकी है जो बिना बुलाए आती है और जाते-जाते जेब को पूरी तरह खाली कर जाती है। आम जनता भी अब इसे देखकर चौंकती नहीं, बल्कि ऐसा मान चुकी है जैसे यह जीवन का कोई अनिवार्य कर है- जिससे बचना उतना ही मुश्किल है जितना गर्मी में बिना पसीने के रहना।

सुबह दूध खरीदने से दिन की शुरुआत होती है और वहीं से अहसास हो जाता है कि आज फिर महंगाई ने अपना नया रूप धारण कर लिया है। जो दूध कल तक 50 रुपये लीटर था, वह आज 60 का हो गया है, और दुकानदार मुस्कुराकर इतना ही कहता है-"सर, बाजार ही ऐसा है।" बाजार अब कोई जगह नहीं, बल्कि एक रहस्यमयी शक्ति बन गया है, जिसका कोई स्थायी नियम नहीं। सब्जी मंडी में तो स्थिति और भी दिलचस्प है। टमाटर कभी राजा बन जाता है, कभी भिखारी। कभी 20 रुपये किलो, कभी 200 रुपये किलो। आम आदमी अब टमाटर को देखकर खरीदने का नहीं, बल्कि भावनात्मक संबंध बनाने का प्रयास करता है- "आज तू मेरे बजट में है या नहीं?" प्याज की हालत तो और भी दार्शनिक हो गई है-यह रुलाता है, लेकिन अब जेब को भी रुलाने लगा है।

सरकारें आती हैं, जाती हैं, योजनाएं बनती हैं, घोषणाएं होती हैं, लेकिन महंगाई है कि मानती ही नहीं। वह हर योजना के ऊपर मुस्कुराकर खड़ी हो जाती है, जैसे कह रही हो- "मैं सिस्टम से बड़ी हूं।" और सच भी यही लगता है, क्योंकि हर बार आंकड़े बताते हैं कि महंगाई नियंत्रित है, लेकिन बाजार में बिल कुछ और ही कहानी सुनाता है। मध्यम वर्ग अब एक नया आर्थिक मॉडल विकसित कर चुका है- "टालो और चलाओ नीति।" आज मत खरीदो, कल देखेंगे। अभी ज़रूरत नहीं है, बाद में ले लेंगे। लेकिन बाद आता नहीं, और कीमतें पहले ही नई ऊंचाई पर पहुंच जाती हैं। यह वर्ग अब खरीदारी नहीं करता, बल्कि रणनीति बनाकर जीता है। त्योहारों के मौसम में तो महंगाई और भी उत्साहित हो जाती है। जैसे उसे बोनस मिल गया हो। मिठाई, कपड़े, गैस सिलेंडर-सबकी कीमतें एक साथ मुस्कुराने लगती हैं। और जनता हर बार यही सोचती है कि शायद इस बार राहत मिलेगी, लेकिन राहत की ट्रेन अक्सर प्लेटफॉर्म पर ही खड़ी रह जाती है। बाजार अब केवल मांग और आपूर्ति का खेल नहीं रहा, यह उम्मीद और निराशा का भावनात्मक व्यापार बन चुका है। दुकानदार भी अब व्यापारी कम और मनोवैज्ञानिक अधिक हो गए हैं। वे ग्राहक की आंखों में देखकर तुरंत समझ जाते हैं कि यह कितना खर्च कर सकता है, और उसी हिसाब से भाव तय कर देते हैं। महंगाई का सबसे बड़ा कमाल यह है कि यह हर वर्ग को बराबरी का अहसास कराती है-गरीब और मध्यम वर्ग दोनों ही अपने-अपने स्तर पर परेशान हैं, बस पैकेजिंग अलग है। एक के लिए रोटी छोटी हो गई है, दूसरे के लिए रेस्टोरेंट का बिल बड़ा। इंटरनेट और डिजिटल भुगतान ने स्थिति को और रोचक बना दिया है। अब लोग पैसे गिनते नहीं, सिर्फ स्क्रीन पर नंबर देखते हैं। लेकिन जब महीने के अंत में बैंक बैलेंस सामने आता है, तो वह भी कहता है-"मैं भी अब तुम्हारा साथ छोड़ने की सोच रहा हूं।" सरकारी आंकड़े बताते हैं कि महंगाई नियंत्रण में है। यह वाक्य अब इतना प्रसिद्ध हो चुका है कि लोग इसे समाचार नहीं, बल्कि हास्य कार्यक्रम की तरह सुनते हैं। क्योंकि वास्तविकता और आंकड़ों के बीच अब एक ऐसी दूरी बन चुकी है जिसे केवल आम आदमी की जेब ही महसूस कर सकती है। ईंधन की कीमतें इस कहानी का सबसे दिलचस्प किरदार हैं। पेट्रोल और डीजल अब ऐसे उत्पाद बन चुके हैं जिनकी कीमत सुनकर लोग यात्रा की योजना नहीं, बल्कि घर पर रहने का निर्णय लेते हैं। गाड़ी अब सुविधा नहीं, बल्कि विलासिता बन चुकी है। महंगाई का असर केवल बाजार तक सीमित नहीं है, यह रिश्तों तक पहुंच चुका है। अब शादी-ब्याह में भी बजट चर्चा का मुख्य विषय होता है। पहले लोग रिश्ते देखते थे, अब खर्च देखते हैं। "दिल मिले या न मिले, बजट जरूर मिलना चाहिए"-यह नया सामाजिक नियम बनता जा रहा है। किसान कहता है कि उसे फसल का सही दाम नहीं मिलता, उपभोक्ता कहता है कि उसे सस्ती चीज नहीं मिलती, और बीच में पूरा सिस्टम मुस्कुराता रहता है। हर कोई किसी न किसी तरह से परेशान है, लेकिन समाधान कहीं दिखाई नहीं देता। महंगाई अब केवल आर्थिक समस्या नहीं रही, यह एक मानसिक स्थिति बन चुकी है। लोग हर खरीदारी से पहले दो बार सोचते हैं, तीन बार गणना करते हैं और फिर अंत में निर्णय टाल देते हैं। यह टालने की आदत अब राष्ट्रीय चरित्र बनती जा रही है।

विडंबना यह है कि जैसे-जैसे विकास की बातें बढ़ती हैं, वैसे-वैसे आम आदमी की थाली छोटी होती जाती है। आंकड़े ऊपर जाते हैं, लेकिन प्लेट में रोटियां घटती जाती हैं। विकास अब ग्राफ में चमकता है, लेकिन रसोई में धुंधला दिखाई देता है। अंततः सवाल यही है कि क्या महंगाई को नियंत्रित किया जाएगा, या जनता को ही अपने खर्च सीमित करने की आदत डालनी होगी? क्योंकि वर्तमान स्थिति में तो ऐसा लगता है कि महंगाई नहीं बढ़ रही, बल्कि हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ले रही है।

और सबसे बड़ा व्यंग्य यही है कि हर साल हम यही सुनते हैं-"महंगाई पर नियंत्रण के प्रयास जारी हैं।" लेकिन जनता हर बार अपनी जेब टटोलकर मुस्कुराती है और कहती है-"प्रयास जारी हैं, परिणाम कब आएंगे?"

## विचार विण्डो

# लिव-इन रिलेशनशिप: आजादी या रिश्तों का बढ़ता सामाजिक संकट

राम प्रकाश अग्रवाल

लिव-इन रिलेशनशिप आज भारतीय समाज में केवल एक व्यक्तिगत पसंद नहीं रह गया है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक बहस का विषय बन चुका है। यह बहस सिर्फ नैतिकता या परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कानून, अधिकार, जिम्मेदारी, भावनात्मक स्थिरता और सामाजिक संरचना-सभी शामिल हैं। आधुनिकता के नाम पर बढ़ती यह प्रवृत्ति कई बार स्वतंत्रता का प्रतीक मानी जाती है, लेकिन इसके भीतर छिपे विरोधाभासों और जटिलताओं पर गहराई से विचार करना आवश्यक हो जाता है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा का मूल आधार व्यक्तिगत स्वतंत्रता है। दो वयस्क अपनी सहमति से बिना विवाह किए साथ रह सकते हैं-इस विचार को न्यायपालिका ने भी कई मामलों में वैधानिक मान्यता दी है। इसका उद्देश्य महिलाओं और पुरुषों दोनों को उनकी निजी पसंद का अधिकार देना है। परंतु समस्या तब शुरू होती है जब यह स्वतंत्रता केवल क्षणिक भावनाओं या सामाजिक दबावों के कारण लिए गए निर्णयों पर आधारित होती है।

भारतीय समाज अभी भी परंपरा और आधुनिकता के बीच एक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर विवाह जैसी संस्था सामाजिक सुरक्षा, उत्तरदायित्व और स्थायित्व का आधार मानी जाती है, तो दूसरी ओर युवा वर्ग का एक हिस्सा इसे पुरातन व्यवस्था मानकर इससे दूरी बना रहा है। ऐसे में लिव-इन संबंध एक विकल्प के रूप में उभरते हैं, लेकिन यह विकल्प अक्सर भावनात्मक परिपक्वता के अभाव में लिया गया निर्णय साबित होता है।

न्यायालयों में बढ़ते ऐसे मामलों ने इस संबंध की जटिलता को और उजागर किया है, जहाँ संबंध टूटने के बाद आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति उत्पन्न होती है। कई मामलों में सहमति से शुरू हुआ संबंध बाद में असहमति और विवाद में बदल जाता है, और मामला कानूनी दायरे में प्रवेश कर जाता है। यहाँ सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि क्या हर टूटे हुए संबंध को अपराध की श्रेणी में रखा जा सकता है? और क्या भावनात्मक असहमति को कानूनी अपराध का रूप देना उचित है?

वास्तविकता यह है कि लिव-इन संबंधों में अक्सर स्पष्ट सामाजिक और पारिवारिक स्वीकृति का अभाव होता है। विवाह संस्था केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और सामाजिक ढांचे का भी मिलन होती है। इसके विपरीत लिव-इन संबंध अधिक व्यक्तिगत और निजी स्तर पर सीमित रहते हैं,



जिससे भावनात्मक और सामाजिक सुरक्षा की कमी महसूस होती है। यही कारण है कि जब संबंध टूटते हैं, तो व्यक्ति मानसिक और सामाजिक रूप से अधिक असुरक्षित हो जाता है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि स्वतंत्रता और स्वायत्तता का अर्थ केवल साथ रहने की आजादी तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें जिम्मेदारी और परिपक्वनिर्णय भी शामिल होने चाहिए। यदि कोई संबंध केवल सुविधा या भावनात्मक आकर्षण पर आधारित है, तो उसके स्थायित्व की संभावना स्वाभाविक रूप से कमजोर हो जाती है। ऐसे में जब संबंध समाप्त होता है, तो उसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत नहीं रहता, बल्कि कानूनी और सामाजिक विवाद का रूप ले लेता है।

स्त्री-मुक्ति आंदोलन का मूल उद्देश्य कभी भी विवाह संस्था का विरोध नहीं था, बल्कि यह असमानता, उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ एक संघर्ष था। लेकिन वर्तमान समय में कई बार इस विमर्श को गलत तरीके से समझा जाता है और विवाह से दूरी को ही स्वतंत्रता का प्रतीक मान लिया जाता है। यह एक खतरनाक भ्रम है, क्योंकि स्वतंत्रता का अर्थ जिम्मेदारी से पलायन नहीं हो सकता। सामाजिक दृष्टि से देखें तो विवाह एक स्थायी संरचना प्रदान करता है, जिसमें विश्वास, सुरक्षा और पारस्परिक उत्तरदायित्व शामिल होते हैं। लिव-इन संबंधों में यह संरचना अक्सर कमजोर होती है, क्योंकि इसमें सामाजिक और कानूनी बंधन अपेक्षाकृत सीमित होते हैं। यही कारण है कि ऐसे संबंधों में अस्थिरता की संभावना अधिक रहती है।

इसके साथ ही यह भी सच है कि हर लिव-इन संबंध विफलता की ओर ही जाए, यह आवश्यक नहीं है। कुछ मामलों में यह व्यवस्था लोगों को एक-दूसरे को बेहतर समझने का अवसर भी देती है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब इसे विवाह के समानांतर या विकल्प के रूप में पूर्ण समाधान मान लिया जाता है, जबकि दोनों की प्रकृति और उद्देश्य अलग-अलग हैं। न्यायालयों द्वारा बार-बार यह चेतावनी दी गई है कि लिव-इन संबंधों को विवाह का पूर्ण विकल्प मानना सामाजिक और कानूनी जटिलताओं को जन्म दे सकता है। यह केवल कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि एक गहरी सामाजिक वास्तविकता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी स्वतंत्रता के अर्थ को सही ढंग से समझे। स्वतंत्रता का अर्थ केवल बंधनों से मुक्ति नहीं, बल्कि अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेने की क्षमता भी है। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी, सामाजिक दबाव या क्षणिक आकर्षण के आधार पर लिए गए निर्णय लंबे समय में गंभीर परिणाम दे सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि लिव-इन रिलेशनशिप न तो पूरी तरह गलत है और न ही पूर्ण समाधान। यह एक ऐसी सामाजिक वास्तविकता है जो सही समझ, परिपक्वता और जिम्मेदारी के साथ ही संतुलित रूप में निभाई जा सकती है। यदि इसे केवल स्वतंत्रता का प्रतीक मानकर अपनाया जाएगा, तो यह भ्रम में बदल सकता है; और यदि इसे पूरी तरह अस्वीकार कर दिया जाए, तो यह आधुनिक सामाजि यथार्थ से दूरी होगी।

समाज को आवश्यकता है संतुलित दृष्टिकोण की-जहाँ स्वतंत्रता भी हो और जिम्मेदारी भी, जहाँ अधिकार भी हों और कर्तव्य भी। तभी संबंध केवल भावनाओं का खेल नहीं रहेंगे, बल्कि स्थिरता और विश्वास का आधार बन सकेंगे।

## छक्कों की जंग में कौन बना आईपीएल का नया बादशाह

# फिन एलन आईपीएल 2026 सिक्सर दौड़ में सबसे आगे



### हर मुकाबले में स्टेडियम पहुंच रहे गेंदों के तूफानी छक्के

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 इस बार बल्लेबाजों के नाम होता दिखाई दे रहा है। हर मैच में चौकों से ज्यादा छक्कों की बरसात देखने को मिल रही है। बल्लेबाज इतने आक्रामक अंदाज में खेल रहे हैं कि गेंदबाजों के लिए बचने का रास्ता ही नहीं बच रहा। फैंस भी अब हर ओवर में सिर्फ लंबे-लंबे सिक्स देखने स्टेडियम पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि इस सीजन "सिक्सर किंग" बनने की रेस बेहद रोमांचक हो चुकी है। सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं कोलकाता नाइटराइडर्स के विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलन। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सिर्फ 47 गेंदों में शतक जड़कर उन्होंने क्रिकेट जगत को हिला दिया। उनकी पारी में लगे 10 छक्कों ने यह साफ कर दिया कि वह इस सीजन के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शामिल हैं। फिन एलन ने 10 मैचों में अब तक 34 छक्के जड़ दिए हैं और वह इस सूची में सबसे आगे चल रहे हैं। उनके पीछे लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 11 मैचों में 31 छक्के लगाए हैं। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव भी धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 10 मैचों में 29 छक्के ठोक चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दुबे ने 10 मुकाबलों में 27 छक्क लगाए हैं, जबकि राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 11 मैचों में 25 छक्कों के साथ अपनी ताकत का दम दिखाया है। इन आंकड़ों से साफ है कि इस बार विदेशी और भारतीय बल्लेबाजों के बीच जबरदस्त मुकाबला चल रहा है। फिन एलन फिलहाल सबसे आगे हैं, लेकिन निकोलस पूरन और सूर्यकुमार यादव तेजी से उनके करीब पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि कई बल्लेबाज सिर्फ 15-20 गेंदों में मैच का रुख बदल दे रहे हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि इस सीजन बल्लेबाजों को पिच से काफी मदद मिल रही है। छोटे मैदान और बेखौफ बल्लेबाजी ने आईपीएल को पूरी तरह मनोरंजन का महासंग्राम बना दिया है। अब 180 रन का स्कोर भी सुरक्षित नहीं माना जा रहा। टीमें आखिरी गेंद तक छक्कों की बारिश कर रही हैं। फैंस के लिए आईपीएल 2026 किसी धमाकेदार शो से कम नहीं है। हर मुकाबले में रिकॉर्ड टूट रहे हैं और बल्लेबाज अपने बल्ले से आग उगल रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि आखिर सीजन खत्म होने तक छक्कों का असली सम्राट कौन बनेगा।

# राजनीति से दूरी बनाकर रखेंगे दिलजीत दोसांझ हमेशा



### पंजाब राजनीति में एंट्री पर दिलजीत ने दिया जवाब

### मनोरंजन की दुनिया में खुद को बताया बेहद खुश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि इस बार वजह उनका कोई नया गाना, फिल्म या कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि राजनीति में एंट्री को लेकर उठ रही चर्चाएं हैं।

हाल ही में पंजाब की राजनीति में उन्हें नए चेहरे के तौर पर शामिल करने की मांग उठी थी, जिसके बाद दिलजीत ने खुद सामने आकर इस पर साफ जवाब दिया।

दरअसल, एक पंजाबी अखबार में लेख प्रकाशित हुआ था, जिसमें सवाल उठाया गया था कि क्या दिलजीत दोसांझ पंजाब की राजनीति का नया चेहरा बन सकते हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई लोगों का मानना था कि दिलजीत की लोकप्रियता और साफ छवि उन्हें राजनीति में मजबूत चेहरा बना सकती है। इन चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए दिलजीत दोसांझ ने साफ कहा कि उनका राजनीति में आने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनका काम लोगों का मनोरंजन करना है और वह अपने काम से बेहद खुश हैं। दिलजीत के इस बयान के बाद उनके फैंस भी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

फिलहाल दिलजीत दोसांझ अपने इंटरनेशनल कॉन्सर्ट और ग्लोबल पहचान को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं।

## फिन एलन के तूफान से दिल्ली पूरी तरह बिखरी

# आईपीएल में फिन एलन ने इतिहास रच डाला



### केकेआर की प्लेऑफ उम्मीदों को मिली नई संजीवनी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइटराइडर्स के विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलन ने ऐसा धमाका किया, जिसकी गूंज अब पूरी क्रिकेट दुनिया में सुनाई दे रही है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में फिन एलन ने सिर्फ 47 गेंदों में नाबाद 100 रन ठोककर इतिहास रच दिया। उनकी इस तूफानी पारी ने ना सिर्फ केकेआर को 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई, बल्कि उन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट का नया टी20 बादशाह भी बना दिया।

फिन एलन अब एक कैलेंडर वर्ष में तीन टी20 शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। आईपीएल से पहले वह बिग बैश लीग और टी20 विश्व कप में भी शतक जमा चुके थे। इस रिकॉर्ड ने उन्हें कीवी क्रिकेट के सबसे खतरनाक टी20 बल्लेबाजों की सूची में सबसे ऊपर पहुंचा दिया है। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 142 रन बनाए। टीम की ओर से पाथुम निसंका ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाया, लेकिन बाकी बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे। केकेआर के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाकर दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचने नहीं दिया।

143 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। फिन एलन ने आते ही दिल्ली के गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। मैदान के चारों तरफ चौके-छक्कों की बारिश होने लगी। एलन ने अपनी शतकीय पारी में 10 लंबे छक्के और 5 चौके लगाए। उनकी बल्लेबाजी देखकर ऐसा लग रहा था मानो गेंद बल्ले से नहीं, तोप से निकल रही हो।

एलन के साथ कैमरून ग्रीन ने भी शानदार साथ निभाया और 27 गेंदों में नाबाद 33 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने तेज शुरुआत देकर टीम का काम आसान किया। केकेआर ने सिर्फ 14.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिल्ली को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया।

फिन एलन अब आईपीएल में केकेआर के लिए शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले ब्रेंडन मैकुलम, सुनील नरेन और वेंकटेश अय्यर यह कारनामा कर चुके हैं। लेकिन जिस अंदाज में एलन बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे लग रहा है कि यह सिर्फ शुरुआत है।

केकेआर के लिए यह जीत बेहद अहम मानी जा रही है। टीम अब भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन आगे का हर मुकाबला करो या मरो जैसा होगा।

अगर फिन एलन का बल्ला इसी तरह चलता रहा, तो विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजना तय है।




# गदर-3 को लेकर अमीषा पटेल ने बढ़ाई बेचैनी



### सनी देओल की फिल्म फिर मचाएगी बड़ा धमाका

### गदर फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग होगा सबसे विशाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सनी देओल की सुपरहिट फिल्म 'गदर' फ्रेंचाइजी को लेकर फैंस के बीच एक बार फिर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 'गदर 2' की शानदार सफलता के बाद अब 'गदर 3' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में सकीना का किरदार निभाने वाली अमीषा पटेल ने साफ कर दिया है कि 'गदर 3' जरूर बनेगी और इस बार फिल्म पहले से ज्यादा बड़ी और दमदार होगी।

अमीषा पटेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि जब 'गदर 3' रिलीज होगी तो सिनेमाघरों में हंगामा मच जाएगा। उन्होंने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट और स्केल दोनों पहले से ज्यादा शानदार होंगे। यही वजह है कि फैंस की उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।

साल 2023 में रिलीज हुई 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। करीब 75 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 686 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब मेकर्स 'गदर 3' को उससे भी बड़े स्तर पर तैयार करने की योजना बना रहे हैं। फैंस को उम्मीद है कि तारा सिंह एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार अंदाज में नजर आएंगे।

# क्रिकेट के बाद टीवी पर दिखेगा रोहित का जलवा

### नए शो के टीजर ने फैंस की बढ़ाई उत्सुकता

### सोनी टीवी पर जल्द नजर आएंगे रोहित शर्मा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अब टीवी की दुनिया में भी अपना जलवा दिखाने जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके नए शो का टीजर रिलीज होते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। टीजर में रोहित अपने लोकप्रिय अंदाज में नजर आ रहे हैं और फैंस उनसे उनका मशहूर डायलॉग "कोई गार्डन में नहीं घूमेगा" बोलने की मांग करते दिखाई देते हैं।

वीडियो में रोहित मजेदार अंदाज में फोन कर घर पर गार्डन का काम रुकवाते नजर आते हैं। टीजर के आखिर में रोहित कहते हैं कि जब सिर्फ दो लाइनें इतनी वायरल हो सकती हैं तो पूरा शो कितना धमाल मचाएगा। हालांकि शो के नाम और फॉर्मेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

बताया जा रहा है कि यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा, जिसमें रोहित शर्मा अपनी हाजिरजवाबी और मजेदार अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इससे पहले सौरव गांगुली और हरभजन सिंह जैसे कई क्रिकेटर भी टीवी की दुनिया में कदम रख चुके हैं

# एसी सर्विस सेंटर में भीषण आग, बुजुर्ग जिंदा जला

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के पटेलनगर क्षेत्र में शनिवार तड़के एक एसी सर्विस सेंटर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 80 वर्षीय कर्मचारी त्रिलोकीनाथ की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि आग की चपेट में आकर दो कारों समेत 12 वाहन जल गए।

जानकारी के अनुसार, पटेलनगर स्थित ओमकार तोमर के एयर कंडीशनर सर्विस सेंटर में रात के समय एक बुजुर्ग कर्मचारी निगरानी के लिए रुके हुए थे। तड़के करीब तीन बजे अचानक सर्विस सेंटर के अंदर से तेज धमाकों की आवाज आने लगी। स्थानीय लोग बाहर निकले तो देखा कि तीन मंजिला इमारत से उंची-उंची आग की लपटें उठ रही थीं और चारों ओर धुआं फैल गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,



एसी के कंप्रेसर और गैस सिलेंडरों में लगातार विस्फोट हो रहे थे। धमाकों की आवाज करीब आधे घंटे तक सुनाई देती रही। कई टिन शेड और लोहे के हिस्से उछलकर सड़क पर आ गिरे, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को देखते हुए वैशाली, साहिबाबाद और मोदीनगर से भी

### धमाकों से दहला पूरा पटेल नगर इलाका

### डेढ़ घंटे बाद आग पर पाया काबू

दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। कुल आठ फायर टेंडरों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि इमारत के अंदर धुआं काफी ज्यादा भरा हुआ था, जिससे राहत कार्य में दिक्कत आई। आग बुझने के बाद अंदर से त्रिलोकीनाथ का झुलसा शव बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।




# योगी-मिथुन मुलाकात ने बटोरी सबसे ज्यादा सुर्खियां



**यूनिक समय, लखनऊ।** कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में कई यादगार राजनीतिक पल देखने को मिले। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार तालियों और 'जय श्रीराम' के नारों से उनका स्वागत किया। शपथ लेने के बाद सुवेंदु अधिकारी ने योगी को हाथ जोड़कर प्रणाम किया, जिसके बाद योगी ने उन्हें भगवा गमछा ओढ़ाकर शुभकामनाएं दीं। समारोह में अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती भी आकर्षण का केंद्र रहे। मंच पर उन्होंने योगी आदित्यनाथ के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मंच पर मौजूद कई नेताओं और मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की। यूपी सरकार के मंत्री संजय निषाद से उन्होंने विशेष रूप से हालचाल पूछा। समारोह में यूपी से दोनों डिप्टी सीएम

### शपथ मंच पर दिखी खास राजनीतिक केमिस्ट्री

### सुवेंदु को योगी ने पहनाया भगवा गमछा

केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मंच पर योगी आदित्यनाथ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आगे वाली पंक्ति में बैठे नजर आए। वहीं केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक और संजय निषाद दूसरी पंक्ति में एक साथ दिखाई दिए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का शासन "काली रात" जैसा था और जनता ने भाजपा को समर्थन देकर बदलाव का रास्ता चुना। वहीं ब्रजेश पाठक ने कहा कि बंगाल की जनता ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का काम किया है।

# ईवीएम पर फिर बरसे अखिलेश यादव, भाजपा को घेरा



**यूनिक समय, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जनता को बताने के लिए कोई सकारात्मक काम नहीं है और वह सिर्फ समाज में झगड़े कराने की राजनीति कर रही है।

ईवीएम के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि अगर स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी हो सकती है तो ईवीएम पर सवाल उठाना गलत नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा को ईवीएम से ही हराएगी। उन्होंने ब्रिटेन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां हाल ही में बैलेट पेपर से चुनाव कराए गए हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में सबसे ज्यादा पैसा खर्च करती है और जांच एजेंसियों का

### बोले- ईवीएम से ही भाजपा को हराएंगे

### चुनाव में सबसे ज्यादा पैसा भाजपा खर्च करती है

इस्तेमाल कर विपक्ष को दबाने का प्रयास करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के लोग फॉर्म-7 भरकर विपक्षी वोट कटवाने का काम कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि सपा सरकार बनने पर महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश दिया जाएगा और गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

# दो बीघा जमीन को लेकर देवबंद में भड़का बवाल



**यूनिक समय, सहारनपुर।** देवबंद क्षेत्र के लालवाला गांव में शनिवार को दो बीघा जमीन को लेकर ऐसा विवाद भड़क गया, जिसने पूरे इलाके को तनाव में डाल दिया। जमीन पर कब्जे को लेकर ठाकुर और अनुसूचित समाज के लोगों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान दो महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए।

स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हालात काबू से बाहर होते देख कई थानों की फोर्स और प्रांतीय सशस्त्र बल को भी बुलाना पड़ा। पुलिस ने गांव को सुरक्षा घेरे में लेकर मोर्चा संभाला। घंटों की मशक्कत के बाद हालात पर नियंत्रण पाया जा सका। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव लालवाला की विवादित जमीन को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से तनातनी चली आ रही थी। शनिवार को एक पक्ष जमीन पर कब्जा करने पहुंचा तो दूसरे पक्ष ने विरोध कर दिया।

### पथराव और लाठीचार्ज में कई लोग घायल

### भारी पुलिस बल ने संभाला पूरा गांव

पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। बवाल बढ़ते ही गांव के लोग घरों में दुबक गए और सड़कों पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। घटना के दौरान भीम सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। अनुसूचित समाज के लोगों का आरोप है कि पुलिस ने भीड़ को हटाने के नाम पर एकतरफा लाठीचार्ज किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। वहीं ठाकुर पक्ष का कहना है कि जमीन उन्होंने खरीदी हुई है और विरोधी पक्ष ने उन पर हमला किया। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन लगातार गांव की निगरानी कर रहा है और अधिकारियों का कहना है कि किसी भी कीमत पर माहौल बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# चंद्रनाथ हत्याकांड में यूपी कनेक्शन से बढ़ी हलचल

**यूनिक समय, बदायूं।** पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ हत्याकांड की जांच अब उत्तर प्रदेश तक पहुंच गई है। मामले की तफ्तीश में जुटी पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम शुक्रवार देर रात बदायूं पहुंची, जिससे पुलिस महकमे में अचानक हलचल मच गई।

सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान मिले मोबाइल कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों ने पुलिस को संभल जिले के गुन्नौर क्षेत्र तक पहुंचाया। इसी इनपुट के आधार पर पश्चिम बंगाल पुलिस की विशेष टीम उत्तर प्रदेश पहुंची। हालांकि पुराने प्रशासनिक रिकॉर्ड के चलते टीम पहले बदायूं पहुंच गई, क्योंकि गुन्नौर पहले बदायूं



जिले का हिस्सा हुआ करता था। बाद में संभल जिला बनने पर इसे उसमें शामिल कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम ने बदायूं पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की।

### बदायूं पहुंची बंगाल पुलिस की विशेष टीम

### संभल में आरोपियों की तलाश तेज हुई

इस दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारियों को कुछ तकनीकी इनपुट और संदिग्ध मोबाइल लोकेशन से जुड़ी जानकारी भी दी गई। आवश्यक जानकारी लेने के बाद टीम संभल के लिए रवाना हो गई, जहां संदिग्धों की तलाश में दबिश दी गई।जांच एजेंसियां इस हाईप्रोफाइल हत्याकांड में मोबाइल कॉल रिकॉर्ड, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के जरिए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। माना जा रहा है कि हत्या की साजिश में कई राज्यों के लोगों की भूमिका हो सकती है, इसलिए पुलिस लगातार अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।

देर रात बदायूं में बंगाल पुलिस के पहुंचने की खबर से स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गईं। हालांकि अभी तक किसी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारी मामले को संवेदनशील बताते हुए ज्यादा जानकारी साझा करने से बच रहे हैं। वहीं हत्याकांड के यूपी कनेक्शन सामने आने के बाद मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

# रेल कोच फैक्टरी पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**यूनिक समय, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शनिवार को रायबरेली स्थित आधुनिक रेल कोच फैक्टरी पहुंचीं, जहां उन्होंने फैक्टरी का औचक निरीक्षण कर यात्री डिब्बों के निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। राज्यपाल ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विशेष रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस सहित अन्य आधुनिक रेल कोचों के निर्माण, तकनीक और उत्पादन क्षमता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया में इस्तेमाल हो रही आधुनिक मशीनों और सुरक्षा मानकों की भी जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल ने अधिकारियों से भविष्य की योजनाओं और उत्पादन को और बेहतर बनाने को लेकर सुझाव भी मांगे। निरीक्षण के

### गुणवत्ता और तकनीक पर अधिकारियों संग चर्चा

दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को फैक्टरी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। बैठक के बाद राज्यपाल ने फैक्टरी के शेल शॉप का भी निरीक्षण किया। शेल शॉप वह इकाई है, जहां रेल डिब्बों के बाहरी ढांचे का निर्माण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपकरणों और तकनीकी प्रक्रियाओं का जायजा लिया। इस दौरान राज्यपाल ने चिंतन शिविर में भी हिस्सा लिया और अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता वाले रेल कोच निर्माण के लिए निरंतर नवाचार और दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया।

### पश्चिम बंगाल में पहली बार खिला भाजपा सत्ता का कमल

# शुभेंदु अधिकारी बने बंगाल के मुख्यमंत्री



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में 9 मई का दिन ऐतिहासिक बन गया। आजादी के बाद पहली बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहे। शपथ लेते ही शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, जिसकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो गईं।

शुभेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तिनिया, क्षुदीराम टुडु और निशिथ प्रमाणिक ने मंत्री पद की शपथ ली। समारोह के दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पूरा ब्रिगेड ग्राउंड भाजपा के झंडों और

## इतिहास में दर्ज रहेगा यह दिन: पीएम मोदी

## पांच नेताओं ने मंत्री पद संभाला

## शुभेंदु ने पीएम से लिया आशीर्वाद

नारों से गूंजता नजर आया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके को ऐतिहासिक बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि 9 मई 2026 का दिन देश और पश्चिम बंगाल के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह दिन आशा, सुशासन और नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। समारोह के दौरान पीएम मोदी ने मंच से कार्यकर्ताओं को दंडवत प्रणाम भी किया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है।

मुख्यमंत्री बनने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह दिन उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की इच्छा थी कि नई सरकार का गठन रवींद्र जयंती के अवसर पर हो। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं की सुरक्षा उनकी सरकार की प्राथमिकता होगी।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों से भी मुलाकात की। वहीं शुभेंदु अधिकारी के पड़ोसियों और समर्थकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में नई राजनीतिक और प्रशासनिक शुरुआत देखने को मिलेगी।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का दबदबा रहा, लेकिन इस बार भाजपा ने बड़ा राजनीतिक उलटफेर करते हुए सत्ता पर कब्जा कर लिया। अब पूरे देश की नजर इस बात पर टिकी है कि शुभेंदु अधिकारी की सरकार बंगाल में क्या बदलाव लेकर आती है।



## समर्थकों को दंडवत प्रणाम कर अभिवादन किया पीएम मोदी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कई ऐसे पल देखने को मिले, जिन्होंने पूरे देश का ध्यान खींच लिया। कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से समर्थकों और कार्यकर्ताओं को दंडवत प्रणाम भी किया। यह दृश्य सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। पीएम मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पैर छूकर उनका सम्मान किया, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनका आशीर्वाद लिया। शुभेंदु अधिकारी के साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तिनिया, क्षुदीराम टुडु और निशिथ प्रमाणिक ने मंत्री पद की शपथ ली। समारोह में अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा समेत भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहे।



## बंगाल शपथ समारोह में जुटे देशभर के दिग्गज नेता, कई राज्यों के मुख्यमंत्री रहे मौजूद

कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में आयोजित पश्चिम बंगाल सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देशभर के बड़े राजनीतिक चेहरे शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा मंच पर मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, बिहार के सम्राट चौधरी, असम के हिमंत बिस्व सरमा और आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू भी समारोह में पहुंचे। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार विशेष आकर्षण बने। प्रधानमंत्री मोदी ने माखनलाल सरकार को गले लगाकर उनके पैर छूकर सम्मान दिया।

# ईडी कार्रवाई से पंजाब की राजनीति में मचा बड़ा भूचाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंजाब की राजनीति में शनिवार को उस समय बड़ा भूचाल आ गया, जब प्रवर्तन निदेशालय ने पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। सुबह से ही चंडीगढ़ के सेक्टर–2 स्थित उनके आवास पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही थी। बताया जा रहा है कि करीब 20 गाड़ियों में पहुंची टीम ने लंबे समय तक जांच की कार्रवाई की, जिसके बाद मंत्री को हिरासत में ले लिया गया।

संजीव अरोड़ा पर एक महीने के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले ईडी ने उनके लुधियाना स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के बाद पंजाब की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है और आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ईडी की



कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं और शहीदों की धरती है, जिसे कोई झुका नहीं सकता। भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा ईडी का इस्तेमाल कर विपक्ष को डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन पंजाब ऐसे दबाव में आने वाला नहीं है।

सीएम मान ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा ईडी रेड,

## मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी ने किया गिरफ्तार

## भगवंत मान बोले– पंजाब कभी नहीं झुकेगा

नोटिस और डराने की राजनीति शुरू कर देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पंजाब के भाईचारे और शांति को नुकसान पहुंचाना चाहती है। वहीं आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की है।

ईडी की इस कार्रवाई के बाद पंजाब में राजनीतिक माहौल और गर्म हो गया है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि जांच में आगे क्या खुलासे सामने आते हैं और इसका राज्य की राजनीति पर कितना असर पड़ता है।

# शुभेंदु सरकार बनते ही अभिषेक ने उठाए बड़े सवाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने नई सरकार और चुनाव प्रक्रिया पर सवालों की बौछार कर दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबा पोस्ट लिखते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान करीब 30 लाख वास्तविक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए।

अभिषेक बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और मांग की कि काउंटिंग सेंटरों के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने वीवीपैट पर्चियों की पारदर्शी गिनती कराने की भी मांग रखी। टीएमसी नेता

## चुनाव प्रक्रिया पर टीएमसी ने जताई गंभीर आपत्ति

## हिंसा और वोटिंग पारदर्शिता को लेकर घेरा सरकार

ने चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को डराया और धमकाया गया।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। साथ ही टीएमसी कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने की अपील भी की।

# छोटे गैस सिलेंडर की कीमत पहुंची आठ सौ पार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देशभर में एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों और कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर की कीमत बढ़कर 810 रुपये से ऊपर पहुंच गई है।

वहीं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर भी लगातार महंगा हो रहा है। दिल्ली में 14.2 किलो घरेलू सिलेंडर 913 रुपये में मिल रहा है, जबकि कॉमर्शियल सिलेंडर का दाम 3071 रुपये पार कर गया। बढ़ती कीमतों का असर होटल, ढाबों और छोटे कारोबारियों पर साफ दिखाई देने लगा है। वहीं सरकार ने गैस डिलीवरी के लिए ओटीपी सत्यापन अनिवार्य कर नियम भी सख्त कर दिए हैं।

### सत्ता बदलते ही बदली कोलकाता पुलिस की डिजिटल रणनीति

# ममता और अभिषेक को किया अनफॉलो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद कोलकाता पुलिस की सोशल मीडिया गतिविधियों ने नई राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है।

मुख्यमंत्री बने शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद कोलकाता पुलिस के आधिकारिक

## मोदी और शाह को फॉलो करने लगी पुलिस

एक्स हैंडल ने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को अनफॉलो कर दिया। उनकी जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को फॉलो किया जाने लगा। सोशल मीडिया पर इसे बदलते सत्ता समीकरणों का संकेत माना जा रहा है। वहीं भाजपा समर्थकों ने इसे नए प्रशासनिक दौर की शुरुआत बताया है।

### एनसीआरबी रिपोर्ट ने बढ़ाई समाज की बड़ी चिंता

# दहेज हत्या के मामलों में दिल्ली फिर टॉप पर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'क्राइम इन इंडिया 2024' रिपोर्ट ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। देश की राजधानी दिल्ली लगातार पांचवें साल दहेज हत्या के मामलों में देश के बड़े महानगरों में सबसे ऊपर रही। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में दिल्ली में दहेज हत्या के 109 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 111 महिलाओं की मौत हुई।

रिपोर्ट बताती है कि सख्त कानून और जागरूकता अभियान चलने के बावजूद दहेज प्रथा से जुड़ी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही। दिल्ली के बाद कानपुर दूसरे और पटना तीसरे स्थान पर



रहे। कानपुर में 54 और पटना में 30 मामले सामने आए। अपराध दर के मामले में कानपुर सबसे आगे रहा, जहां प्रति लाख आबादी पर अपराध दर 4 दर्ज की गई।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2021 दिल्ली के लिए सबसे भयावह रहा था, जब 136 मामले सामने आए थे। हालांकि इसके

## कानून सख्त फिर भी नहीं थम रहीं मौतें

बाद कुछ कमी जरूर आई, लेकिन राजधानी अब भी इस सूची में शीर्ष पर बनी हुई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि केवल कानून सख्त बनाने से समस्या खत्म नहीं होगी। समाज में दहेज को लेकर सोच बदलने, महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने और घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने की जरूरत है। लगातार बढ़ते आंकड़े यह दिखाते हैं कि दहेज प्रथा आज भी समाज के सामने गंभीर चुनौती बनी हुई है।

# युवक का शव पेड़ पर लटका मिला, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता

## अहमदाबाद जाने की बात कहकर घर से निकला था

**यूनिक समय, आगरा।** थाना क्षेत्र के गांव कुतकपुर गोला में शुक्रवार रात एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मान रही है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, सलेमपुर धनगर निवासी रामबरन (25 वर्ष) पुत्र अतर सिंह गुजरात के अहमदाबाद में चश्मा कारीगर का काम करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को किसी बात को लेकर रामबरन का अपने छोटे भाई ओमब्रज से विवाद हो गया था। विवाद के बाद वह घर से अहमदाबाद जाने की बात कहकर निकल गया था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे ग्रामीणों ने कुतकपुर गोला स्थित सुरेंद्र के ट्यूबवेल के पास एक पेड़ पर युवक का शव लटका देखा। शव दिखाई देने पर इलाके में अफरा–तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच–पड़ताल शुरू की। बाद में मृतक की पहचान रामबरन के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक का शव देखकर परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

# शिविर में बच्चों ने सीखा कबाड़ से जुगाड़ बनाना



गांव पीगरी में आयोजित व्यक्तित्व विकास शिविर में सम्मानित विद्यार्थी और अतिथि।

## गांव पीगरी में ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

**यूनिक समय, फरह।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत ब्रज क्षेत्र के शिव कान्वेंट स्कूल पीगरी मे ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का शनिवार को समापन हुआ। 10 दिवसीय शिविर में बच्चों को कराटे, आर्ट एंड क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, चित्रकला, मिट्टी के खिलौने जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां कराई गयी। बौद्धिक सत्र के दौरान आदर्श घर, विद्यार्थी के गुण आदि के बारे मे बताया गया।

समापन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित–पुष्पार्चन करके किया। बच्चों ने मन को मोहने वाले कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विक्रम सिंह एडवोकेट ने बच्चों से कहा कि शिविर के दौरान आपने जो सीखा वह हमेशा ध्यान मे रखना। साक्षर समाज से ही देश विकास करेगा और भविष्य सुनहरा होगा। विशिष्ट अतिथि शत्रुहन लाल कश्यप (जोन प्रमुख सूर्या फाउंडेशन) ने बच्चों की प्रसंशा करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भारत है। कहानी के माध्यम से एकता का संदेश देते हुए उन्होंने मौजूद महिला–पुरुष को बच्चों के सकारात्मक कार्यों में सहभागी होने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एसके गर्ग प्रबंधक शिव कान्वेंट स्कूल ने बच्चों के कार्यक्रम को सराहा। आदर्श मिश्रा क्षेत्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन ने संस्था के प्रकल्पों और कार्यों की जानकारी दी।

ग्राम प्रधान थान सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुंदर सिंह, देवेंद्र सिंह, कृष्णा, देव अग्रवाल, कोमल सिंह, विराट, लव लवानिया, राजकुमार झा, पॉयल कुमारी, आरती कुमारी, मुकेश शर्मा, भगवतस्वरूप, योगेंद्र चौहान, निशांत अमोरिया, सौम्य सिंह, रूबी चौहान, रवीना सिंह, वेदप्रकाश, राखी तरकर के अलावा शिविरार्थी, ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# बंगाल में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने खुशी का इजहार करते लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन तहसील के सौंख क्षेत्र में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत और प्रस्तावित शपथ ग्रहण कार्यक्रम की खुशी में मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाई और भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यकत्री डॉ. पूनम सिंह एडवोकेट ने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता लगातार विश्वास जता रही है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन पार्टी की मजबूत विचारधारा और विकास कार्यों का परिणाम है।

उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ "भाजपा जिंदाबाद" के नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। मौजूद भाजपा समर्थकों ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी।

# फरह में सौ टीबी मरीजों को मिली पोषण सहायता सामग्री



टीबी मरीजों को जागरूक करते आलोक तिवारी।

सिटी रिपोर्टर

## इलाज बीच में छोड़ना खतरनाक मरीजों को किया गया जागरूक

**यूनिक समय, मथुरा।** विकास खंड फरह के सभागार में शनिवार को टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत ऐसा दृश्य देखने को मिला, जहां बीमारी से जूझ रहे लोगों को सिर्फ पोषण सामग्री ही नहीं, बल्कि हौसला और जागरूकता का सहारा भी मिला। सभागार में बड़ी संख्या में पहुंचे टीबी मरीजों को पोष्टिक पोषण सामग्री किट वितरित की गई और उन्हें नियमित दवा, पोषण और सावधानी के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

एनजीओ मंडोना रूरल फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब सौ टीबी मरीजों को दाल, सोयाबीन, चना, प्रोटीन पाउडर सहित पोषण सामग्री वितरित की गई। आलोक तिवारी ने कहा कि टीबी की लड़ाई केवल दवा से नहीं, बल्कि सही पोषण और जागरूकता से जीती जा सकती है। उन्होंने मरीजों को बीच में इलाज न छोड़ने, नियमित जांच कराने और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रखने की सलाह दी।

कार्यक्रम से जुड़े लक्ष्मीकांत गौड़ पिछले चार वर्षों से विकास खंड फरह, बल्देव, बरसाना और गोवर्धन क्षेत्रों में टीबी मरीजों के बीच लगातार काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में राजेश, नवल, निश्चल, शिवकुमार और अनूप सहित कई लोग मौजूद थे। संचालन आलोक तिवारी ने किया।

# आरती, सम्मान और संस्कारों के संग सजा मातृ दिवस समारोह

**यूनिक समय, वृंदावन।** हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में मातृ दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर मातृशक्ति के सम्मान और स्नेहपूर्ण भावनाओं से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यवस्था प्रमुख अध्यक्ष रेखा माहेश्वरी, उप प्रबन्धक विश्वनाथ गुप्ता, कोषाध्यक्ष कमल खण्डेलवाल, प्रधानाचार्या सुश्री रजनी गुप्ता तथा अभिभावक प्रतिनिधि दिव्या चावला ने किया। छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति आदर, प्रेम एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें जीवन की प्रथम गुरु एवं सच्ची प्रेरणाशक्ति बताया। माताओं का रोली–तिलक, पुष्प एवं पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर रक्तदान शिविर

**यूनिक समय, कोसीकलां।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर कोसी प्रेस क्लब एवं पशुपतिनाथ ब्रजधाम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया। थाना रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में लगाए शिविर में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन, दीपक बडगूजर, कोसी प्रेस क्लब अध्यक्ष राहुल सक्सेना, भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट ओम प्रकाश सैनी आदि ने किया। सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

# वृंदावन में सजेगा व्यापारियों का महाकुंभ




पत्रकारों से बातचीत करते भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल। मंचस्थ उद्योगपति बालकिशन अग्रवाल, रामकिशन अग्रवाल, कमल किशोर वार्ष्णेय एवं विशाल खुराना आदि।

प्रमुख संवाददाता

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12 से

**यूनिक समय, वृंदावन।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12 और 13 मई को छटीकरा रोड स्थित ज्वालाधाम श्रीकृष्ण आश्रम में होगा। इस सम्मेलन देश के सभी राज्यों से व्यापारी प्रतिनिधि जुटेंगे। पूर्व सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्रा द्वारा स्थापित इस संस्था का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता (जयपुर) कर रहे हैं।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने इस सम्मेलन को 'व्यापारी एकता का महाकुंभ' करार दिया है। उन्होंने बताया कि अधिवेशन की औपचारिक शुरुआत से पहले 11 मई को शाम पांच बजे सभी राज्यों से आए व्यापारी प्रतिनिधि मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना पूजन करेंगे। इसके माध्यम से व्यापारी एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

दो दिवसीय सत्रों के दौरान व्यापारियों के हितों से जुड़े कई ज्वलंत विषयों पर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। जिनमें मुख्यरूप से छोटे दुकानदारों के अस्तित्व को बचाने के लिए ठोस नीति बनाने पर चर्चा।

जिला अध्यक्ष मुकेश वार्ष्णेय, जिला महामंत्री हरिओम अग्रवाल तथा मथुरा नगरअध्यक्ष डॉ. विशाल खुराना बॉबी भैया ने बताया कि अधिवेशन में मुख्य अतिथि नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघवी शिरकत करेंगे। इनके अलावा राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा और विधायक राजेश चौधरी भी आएंगे।

इसी क्रम में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए धनेंद्र अग्रवाल बॉबी को नगर अध्यक्ष एवं मुकुंद मोहन शर्मा को चैयरमैन नियुक्त किया। कार्यक्रम में उद्योगपति बाल किशन अग्रवाल, शिव शंकर वर्मा, बसेरा ग्रुप के चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल, कमल किशोर वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, अरविंद मिश्रा, शशांक शर्मा और मनीष चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

### मथुरा में राजनीतिक हलचल

# भाजपा में सबसे अधिक दावेदार

प्रमुख संवाददाता

## पश्चिम बंगाल की जीत के बाद उत्साहित हैं कार्यकर्ता

**यूनिक समय, मथुरा।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐताहासिक विजय के बाद अब साल 2027 में यूपी विधानसभा के होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। वजह है कि मथुरा संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीट मथुरा–वृंदावन, मांट, गोकुल, छाता और गोवर्धन पर भाजपा का कब्जा है। 2027 में चुनावी मैदान के लिए जोर आजमाइश चल रही है। सबसे अधिक दावेदार भाजपा में है। टिकट में आरएसएस की भूमिका अहम होगी। अंदर ही अंदर सभी सीटों पर सर्वे हो रहा है । हालांकि दावेदारों में नए चेहरे भी लखनऊ और दिल्ली की परिक्रमा लगा रहे हैं। टिकट वितरण के समय जुगाड़ काम आ सके। दिग्गज नेताओं के पास ठाकुर बांकेबिहारी महाराज की प्रसाद डलिया भी ले जा रही है। शायद यह डलिया कोई चमत्कार कर दें। वैसे भाजपा के साथ रालोद का गठबंधन है। यह गठबंधन विधानसभा चुनाव तक क्या गुल खिलाएगा। यह आने वाले समय पर पता चल सकेगा। वैसे पश्यिमी उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर रालोद का अच्छा खासा दबदबा है। भाजपा यूपी को जीतने के लिए रालोद मुखिया जयंत चौधरी को साध कर चलने की कोशिश करेगी। जयंत चौधरी भी चुनाव वक्त ही कोई फैसला लेंगे।

वैसे भी मथुरा में कांग्रेस, सपा, बसपा और आप भी चुनाव मैदान में उतरेगी। भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दल कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल की जीत को लेकर विपक्षी दल हाय तौबा मचा रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग को भाजपा का एजेंट होने का आरोप लगाने शुरू कर दिए। ईवीएम को दोष देना शुरू कर दिया। अब देखने वाली बात होगी कि मथुरा की पांच विधानसभा सीटों पर कौन किस प्रत्याशी को उतारेगा। बिहार और पश्चिम बंगाल में दो चार ऐसे प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा था, जिनके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। इसी उम्मीद के साथ मथुरा के कई दावेदार भी आस लगाए बैठे हैं कि कहीं उनकी तरह उनकी किस्मत खुल जाएं।